दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 269 | जयपुर | शनिवार, 02 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-नवमीं संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

# उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को

6 स्टेप में चुना जाता है उपराष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को होगा। 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 जुलाई को धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। रिपोर्ट्स के अनुसार, भाजपा नेतृत्व वाला हृष्ठ गठबंधन की ओर से कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत या सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर उपराष्ट्रपति कैंडिडेट हो सकते हैं। इनके अलावा, राज्यसभा के मौजूदा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का नाम भी चर्चा में हैं। वहीं, इंडिया ब्लॉक की सभी पार्टियां मिलकर एक जॉइंट कैंडिडेट उतार सकती हैं।

## 6 स्टेप में चुना जाता है उपराष्ट्रपति, ऐसे समझें

सबसे पहले निर्वाचक मंडल की लिस्ट बनती है: उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए सबसे पहले निर्वाचक मंडल लिस्ट बनती है। इसमें लोकसभा और राज्यसभा के सभी निर्वाचित और नामित सदस्य (सांसद) शामिल होते हैं। राज्यसभा में 233 निर्वाचित सांसद और 12 नामांकित सांसद हैं। लोकसभा में 543 सांसद हैं। यानी कुल सांसदों की संख्या 788 है। मौजूदा समय में राज्यसभा में 5 और लोकसभा में एक सीट खाली है। इसलिए निर्वाचक मंडल में यह संख्या 782 होगी। इस तरह उपराष्ट्रपति चुनाव जीत में 391 सांसदों (50%) के समर्थन की जरूरत होगी। 7 अगस्त को जारी की जाएगी अधिसूचना: चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को उपराष्ट्रपति के चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होते ही नामांकन शुरू हो जाता है। इसकी आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त को कैंडिडेट नामांकन वापस ले सकता है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में इंडिया ब्लॉक जॉइंट कैंडिडेट उतार सकता है

धनखड़ के इस्तीफा देने के बाद चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। भाजपा की तरफ से इस पद के लिए कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर के नाम पर विचार चल रहा है। वहीं, इंडिया. गठबंधन एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। न्यूज एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, भले ही हृष्ठ के पास बहुमत है, फिर भी विपक्ष मानता है कि मुकाबला पूरी तरह एकतरफा नहीं है। उसे चुनाव से पीछे नहीं हटना चाहिए।



राष्ट्रपति मुर्मू ने 22 जुलाई को धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया था

**नामांकन के लिए 20 सांसदों का समर्थन जरूरी:** उम्मीदवार को कम से कम 20 सांसदों की तरफ से प्रस्तावित होना जरूरी है। इसके अलावा 20 सांसदों का समर्थन भी चाहिए।

| नोटिफिकेशन | नामांकन | वोटिंग, रिजल्ट |
|---|---|---|
| 7 अगस्त | 21 अगस्त | 9 सितंबर |

संक्षिप्त समाचार

## बांग्लादेश के मैप में भारत के 7 राज्यों का हिस्सा

### संसद में कांग्रेस बोली- सरकार क्या कर रही; जयशंकर ने कहा- प्रोपेगेंडा से निपटने को तैयार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश के विवादित मैप का मुद्दा संसद में भी उठा। भारत के 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों को बांग्लादेश के मैप में दिखाया गया है। इसको लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को राज्यसभा में सवाल उठाया। सुरजेवाला ने कहा- सरकार इस मुद्दे पर क्या कर रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लिखित जवाब में कहा- हम इस मामले पर कड़ी नजर बनाए हुए है। सरकार इस तरह के प्रोपेगेंडा से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अब जानिए क्या है पूरा मामला विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, विवादित नक्शा 14 अप्रैल, 2025 को ढाका यूनिवर्सिटी में आयोजित एक प्रदर्शनी में लगाया गया था। आरोप है कि ढाका में मौजूद इस्लामिक ग्रुप सल्तनत-ए-बांग्ला की तरफ से ग्रेटर बांग्लादेश का नक्शा तैयार किया गया है। सल्तनत-ए-बांग्ला को तुर्की यूथ फेडरेशन नाम एक तुर्की एनजीओ का सपोर्ट है।

ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक

# जयपुर में यातायात के सुचारू संचालन के लिए तुरंत उठाएं कदम : सीएम शर्मा

## कहा : मानसून के पश्चात हीरापुरा बस स्टैण्ड से हो बसों का संचालन शुरू

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर की वर्तमान ट्रैफिक स्थिति को तुरंत सुगम एवं सुचारू बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यातायात संचालन हेतु भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत दीर्घकालीन कार्ययोजना के लिए गृह एवं यातायात विभाग, जेडीए, शहरी विकास एवं आवासन व स्वायत्त शासन विभाग मिलकर सामूहिक जिम्मेदारी के साथ काम करें। श्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के प्रमुख शहरों एवं जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पुलिस एवं यातायात के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को जागरूक करते हुए ट्रैफिक सेंस को बढ़ावा दिया जाए।

### चिन्हित बस स्टैण्डों का स्थानांतरण शीघ्र हो लागू

मुख्यमंत्री ने बैठक में जयपुर शहर में वाहनों के सुगम संचालन और जाम से राहत के लिए व्यापारियों एवं आमजन से सुझाव लेकर व्यस्ततम मार्गों पर वन वे ट्रैफिक संचालन की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के चिन्हित ऑटो और बस स्टैण्ड के स्थानांतरण को शीघ्र लागू किया जाए। इसी क्रम में हीरापुरा बस टर्मिनल से मानसून के पश्चात बसों का तुरंत संचालन किया जाए। उन्होंने जयपुर के नवीन स्थानांतरित बस स्टैण्डों से यात्रियों के शहर में आवागमन के लिए जेसीटीसीएल बसों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### जयपुर शहर में आवश्यकतानुरूप मल्टीलेवल पार्किंग व्यवस्था हो विकसित

शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर मल्टीलेवल पार्किंग और उसकी उपयोगिता के अवसरों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने शहर में जोन आधारित ई-रिक्शा संचालन के लिए जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाते हुए जेडीए को जब्त ई-रिक्शाओं के लिए यार्ड व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर निगरानी के लिए शहर में आधुनिक कैमरे लगाने और केन्द्रित कंट्रोल रूम बनाने के लिए राजस्थान ट्रांसपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फंड से वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों की सख्त पालना कराने और उल्लंघन पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, बढ़ती वाहनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए भविष्य में प्रमुख चौराहों को चिन्हित कर सिग्नल फ्री ट्रैफिक संचालन की कार्ययोजना बनाएं। बैठक में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव अधिकारी वोटों की चोरी कर रहे : राहुल

## हम छोड़ेंगे नहीं, चाहे वे रिटायर हो जाएं; ईसी बोला- अफसर ऐसी धमकियों पर ध्यान न दें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले 9 दिनों में चुनाव आयोग के अधिकारियों को दूसरी बार धमकाया है। शुक्रवार को संसद से बाहर निकलने पर राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं।

चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ निकालेंगे। इससे पहले 24 जुलाई को राहुल ने कहा था कि मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे। चुनाव आयोग ऐसे निराधार आरोपों को नजरअंदाज करता है। लगातार दी जा रही धमकियों के बावजूद, हम सभी चुनाव अधिकारियों से कहना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करें। गैरजिम्मेदाराना



### 1 अगस्त 2025: राहुल बोले- मेरे पास चोरी के 100% सबूत हैं

राहुल ने आगे कहा कि मैं इसे हल्के में नहीं, बल्कि सौ प्रतिशत प्रमाण के साथ कह रहा हूं। जैसे ही हम इसे जारी करेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए वोट चुराने का काम कर रहा है। हमें मध्य प्रदेश चुनाव, लोस चुनाव में शक था, महाराष्ट्र चुनाव के दौरान हमारा शक और बढ़ गया। आप सोचते हैं कि बच जाएंगे, ये आपकी गलतफहमी है राहुल ने कहा, चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी कराई। हमारे पास इसके 100ब्र सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों नए वोटरों को सूची में जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है।

# अनिल अंबानी को ईडी का लुकआउट नोटिस

## 5 अगस्त को पूछताछ होगी, देश छोड़ने की अनुमति नहीं; 3 हजार करोड़ का लोन फ्रॉड मामला



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ 3000 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में लुकआउट नोटिस जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनिल अंबानी को इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर के अप्रूवल के बिना भारत छोड़ने की अनुमति नहीं है। अगर वह विदेश यात्रा करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें एयरपोर्ट या बंदरगाह पर हिरासत में लिया जा सकता है। इससे पहले ईडी ने अनिल अंबानी को इस मामले में समन भेजा था। ईडी उनसे 5 अगस्त को पूछताछ करेगी। ईडी ने पिछले हफ्ते अनिल के मुंबई और दिल्ली समेत 50 से ज्यादा कंपनियों और लोकेशन पर छापेमारी की थी। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई थी।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# ऑपरेशन त्रिकाल की बड़ी सफलता

## राज्य स्तरीय ईनामी बदमाश मौखम सिंह गिरफ्तार

### ब्यावर पुलिस ने टॉप-25 वांछित अपराधियों में शामिल आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( नि.स. )।** राजस्थान पुलिस के ऑपरेशन त्रिकाल के तहत ब्यावर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने राज्यस्तरीय टॉप-25 वांछित अपराधियों में शामिल और 25,000 रुपए के इनामी बदमाश मौखम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बीते दो वर्षों से फरार चल रहा था और प्रदेशभर की पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

**64 संगीन मुकदमों में वांछित**

मौखम सिंह पुत्र शाबिर मेहरात (47) निवासी लसाणी प्रथम थाना ब्यावर सदर के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, चोरी, बलात्कार व एक्सटॉर्शन जैसे गंभीर अपराधों के 64 प्रकरण ब्यावर, अजमेर, भीलवाड़ा, पाली और राजसमंद जिलों में दर्ज हैं। वह आधे दर्जन से अधिक बलात्कार, लूट व चोरी की घटनाओं में वांछित था।

**गिरफ्तारी से बचने को करता था रोज 200-300 किमी सफर**

गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी प्रतिदिन मोटरसाइकिल पर 200 से 300 किलोमीटर का सफर तय करता था और सुनसान मंदिरों व जंगलों में रातें बिताता था। इतना ही नहीं, वह पूर्व में तीन बार जेल तोड़कर भी फरार हो चुका है।

**पुलिस को देता था खुली चुनौती**

फरारी के दौरान वह सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से पुलिस को खुली चुनौती देता था। लेकिन इस बार ऑपरेशन त्रिकाल के तहत गठित विशेष पुलिस टीम ने उसकी चालाकियों को ध्वस्त करते हुए उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

**विशेष टीम ने ऐसे बनाई रणनीति**

राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अजमेर रेंज के आईजी राजेन्द्र सिंह , पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा के सुपरविजन में, वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी।

तकनीकी विश्लेषण व आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी की दिनचर्या व आवागमन के तरीके को समझा गया और मंदिरों व जंगलों में दबिश देकर उसे लगातार शरणस्थल बदलने को मजबूर किया गया। पुलिस टीम ने भी आरोपी के समान दूरी तय कर क्षेत्रीय भ्रमण किया और आखिरकार उसे धरदबोचा।

**अन्य वारदातों का खुलासा संभव**

पुलिस अब आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। संभावना है कि मौखम सिंह की गिरफ्तारी से आसपास के जिलों में हुई कई संगीन वारदातों का भी खुलासा हो सकेगा।

## एम्स देवघर में आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉ. अस्मित अग्रवाल गोल्ड मेडल से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** झारखंड के देवघर में भारत गणराज्य की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में पहला दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्होंने 2019 बैच के मेधावी विद्यार्थियों को डिग्री और पदक प्रदान किए और उन्हें समाज व देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा निवासी डॉ. अस्मित अग्रवाल को एम्स देवघर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। डॉ. अस्मित अग्रवाल ने एम्स देवघर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है और अपने बैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि देवघर एम्स बनने के बाद यहां से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाला यह हमारा पहला बैच है और महामहिम राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होकर बेहद खुशी महसूस हो रही है। डॉ. अस्मित अग्रवाल ने बताया कि उनका बानसुर से विशेष लगाव रहा है। वह एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर पीजी की पढ़ाई कर स्पेशलिस्ट डॉक्टर बनना चाहते हैं। डॉ. अस्मित अग्रवाल की इस उपलब्धि पर पावटा में हर्ष का माहौल है।

## तनिष्क और नैतिक ने टेबल टेनिस में जीता स्वर्ण पदक

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड क्षेत्र के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में पावटा ब्लॉक के ग्राम भौनावास की ढाणी मानियावाली के दो भाई तनिष्क वीर यादव और नैतिक वीर ने बीकानेर जिले के नोखा में आयोजित सीबीएसई स्कूली टेबल टेनिस राजस्थान क्षेत्र क्लस्टर प्रतियोगिता में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। तनिष्क, जो कक्षा 11 का छात्र है और नैतिक, जो कक्षा 9 का छात्र है, ने अपनी टीम के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पहला स्थान हासिल किया।

यह जीत न केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवार, स्कूल और क्षेत्र के लिए भी गर्व की बात है। इस उपलब्धि से पता चलता है कि पावटा उपखंड क्षेत्र के विद्यार्थी न केवल शिक्षा में बल्कि खेलों में भी अपना भविष्य बना सकते हैं।

## पावटा उप-जिला अस्पताल में हरित पखवाड़ा के तहत पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** हरित पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पावटा उप-जिला अस्पताल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक प्रेरणादायक पहल की गई। कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल परिसर में प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. रवि बंसल के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण और भारतीय संस्कृति के प्रतीक माने जाने वाले राजवृक्ष पीपल और बरगद के पौधारोपण से की गई। इन वृक्षों का विशेष महत्व औषधीय, धार्मिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से बताया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. संतोष वर्मा, डॉ. सौरभ शर्मा, एवं डॉ. अशोक जाट ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। साथ ही कार्यक्रम में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रंगलाल यादव, समस्त चिकित्सकगण, नर्सिंग ऑफिसर्स और अस्पताल स्टाफ ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ. रवि बंसल ने इस अवसर पर कहा कि, हमें केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छ पर्यावरण उतना ही जरूरी है जितना कि आधुनिक चिकित्सा। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों ने एक व्यक्ति - एक वृक्ष के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए पौधारोपण और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

## डिविजनल कमिश्नर प्रज्ञा केवलरमानी ने किया पैराहन प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन

**तीन दिवसीय महिला सशक्तिकरण उत्सव की हुई रंगारंग शुरुआत**

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शी सर्कल इंडिया द्वारा शोभागपुरा स्थित अशोका ग्रीन में आयोजित तीन दिवसीय पैराहन प्रदर्शनी का उद्घाटन शुक्रवार को उदयपुर की डिविजनल कमिश्नर श्रीमती प्रज्ञा केवलरमानी ने किया। महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाली इस प्रदर्शनी में उद्घाटन समारोह के दौरान शहर के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्रीमती केवलरमानी ने महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और स्थानीय महिला शक्ति के इस आत्मनिर्भर प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में आर के प्रॉपर्टी से कृष्ण कौशिक, गीतांजलि हॉस्पिटल से कल्पेश राजभर, डी प्लस शानदार से रुखसाना साबुनवाला समेत शहर की प्रतिष्ठित हस्तियाँ शामिल हुईं। शी सर्कल इंडिया की संस्थापक तारीका भानूप्रताप ने बताया कि तीन दिन, तीन थीम पर आयोजन होंगे। जिसमें कल 2 अगस्त को रोटरी अशोका द्वारा महिला समूहों का सम्मान, क्रिएशन ग्रुप का फैशन शो और डी प्लस शानदार, एचटीएम स्टील व स्वर्ण सिल्वर की प्रस्तुति,उदयपुर सावन उत्सव,3 अगस्त को लॉरेट फाउंडेशन द्वारा बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता और वन टू ऑल ग्रुप द्वारा लीडिंग लेडी अवार्ड का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 51 स्टॉल्स में हुनर और संस्कृति फैला हुआ है। इस वर्ष पैराहन में उदयपुर सहित सूरत, अहमदाबाद, कोटा, जयपुर, नाथद्वारा व भीलवाड़ा जैसे शहरों से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। साथ ही, शहर की घरेलू महिला उद्यमियों को भी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

संस्थापक तारिका भानुप्रताप ने बताया कि पैराहन का उद्देश्य महिलाओं को न सिर्फ मंच देना है, बल्कि आत्मनिर्भरता की राह पर उन्हें मजबूती से आगे बढ़ाना भी है। हर दिन की शॉपिंग पर ग्राहकों को आकर्षक उपहार भी भेंट किए जा रहे हैं।

## द बोहराज ग्लोबल स्कूल, महुवा में 3 अगस्त से राज्य स्तरीय सीबीएसई गर्ल्स कबड्डी क्लस्टर का शुभारंभ

### राजस्थान भर की 50 टीमों की भागीदारी

बढ़ता राजस्थान




**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** महुवा द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 3 अगस्त से सीबीएसई गर्ल्स कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया जाएगा । इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 50 टीमें भाग ले रही हैं। कबड्डी खेलकूदप्रतियोगिता में बालिकाओं की अंडर-14, अंडर-17 तथा अंडर-19 वर्ग की टीमें शामिल होंगी।प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व विद्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस शुक्रवार को आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय परिवार द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता केआयोजन की रूपरेखा और उद्देश्यों को मीडिया के साथ साझा किया गया। विद्यालय निदेशक विनय बोहरा ने बताया कि कार्यक्रम का *उद्घाटन राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मीणा द्वारा 3 अगस्त को उद्घाटन किया जाएगा।यह कबड्डी खेलकूदप्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर करती है, बल्कि संस्कृति के समागम और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। विभिन्न जिलों से आई टीमें जब एक मंच पर उतरेंगी, तो यह विविधता में एकता की भावना को और सुदृढ़ करेगा।विद्यालय के उपनिदेशक विकास बोहरा ने कहा कि खेल, शिक्षा और संस्कृति का यह संगम विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों की समझ भी देगा और उनमें अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व जैसे गुणों को विकसित करेगा। विद्यालय के संरक्षक गौ पुत्र अवधेश अवस्थी ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा दा बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बेहतर प्रबंधन को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बालिका कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन का सौभाग्य विद्यालय परिवार को मिला है विद्यालय प्रबंधन कमेटी आने वाली सभी टीमों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगी तैयारी को लेकर विद्यालय परिवार द्वारा अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। प्रतियोगिता का समापन आने वाले 5 अगस्त के दिन विजेता टीमों के सम्मान समारोह के साथ संपन्न होगा, जिसमें स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक,भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विनय बोहरा , सह निदेशक विकास बोहरा, संरक्षक गोपुत्र अवधेश अवस्थी, डॉ शिवचरण योगेंद्र गोयल, डॉ राकेश अवस्थी, महेश गोयल,महवा लायंस क्लब अध्यक्ष घनश्याम ,अशोक , प्रिंसिपल ओपी पुनीत पांडेय राजेश सिंह ,कॉर्डिनेटर श्वेता नेगी, पी टी आई सुरेंद्र एवं भूपेंद्र, विशाल शर्मा, अभिषेक व्यास, आशी एवं जानवी सहित विद्यालयों के स्टाफ सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, रतन जिला कटकड में पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता )। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, रतन जिला कटकड में शुक्रवार को साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा और साइबर सैल प्रभारी कॉन्स्टेबल भूपेंद्र ने छात्रों और अध्यापकों को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।अधिकारियों ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तार से समझाया। इनमें ओएलएक्स फ्रॉड, यूपीआई फिशिंग, सेक्सटॉर्सन, डिजिटल अरेस्ट, डीप फेक और डार्क वेब शामिल थे। साथ ही सोशल मीडिया क्राइम, फोन कॉल से होने वाली ठगी, स्टॉक मार्केट और क्रिप्टो करेंसी से जुड़े फ्रॉड के बारे में भी जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने बैंकिंग फ्रॉड, इंटरनेट ब्लैकमेलिंग और ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खतरों के बारे में भी छात्रों को सचेत किया। कार्यक्रम में %स्मैक आउट% अभियान का भी उल्लेख किया गया। अधिकारियों ने लोगों से नशा बेचने वालों के खिलाफ सूचना देने की अपील की।इसके अतिरिक्त, छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी भी दी गई और यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य रामनिवास मीणा, शारीरिक शिक्षक अतुल भारद्वाज के साथ-साथ छात्र-छात्राएं और ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## शुरू हुआ 10 निर्धन छात्राओं के सीए बनने का सफर

### रेखा सोमानी फाउण्डेशन 4 साल तक करायेगा नि:शुल्क कोर्स,देगा नि:शुल्क सुविधायें

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** रेखा सोमानी फाउंडेशन ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए सी.ए. बनने की इच्छुक गरीब छात्राओं के लिए नि:शुल्क सी.ए. कोर्स करवाने की पहल की है।

फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी देवेन्द्र सोमानी ने हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित लायंस भवन में इस निमित्त आयोजित फाउंडेशन के समारोह में कहा कि रेखा सोमानी जो कि स्वयं एक समाजसेविका थी और उनका ही सपना था कि जो भी आर्थिक रूप से कमजोर छात्राएं जीवन में सी.ए. का सपना लेकर बैठी है लेकिन पारिवार में आर्थिक हालात के कारण जो सी.ए. नहीं कर पा रही है उन्हें नि:शुल्क कोर्स करवाएंगे। सोमानी ने बताया कि रेखा सोमानी की कैंसर के कारण मृत्यु होने के उपरान्त उन्होंने उनका यह सपना पूरा करने का ठाना है।

उन्होंने बताया कि फाउंडेशन की और से नि:शुल्क सी.ए. कोर्स उन्हीं छात्राओं को करवाया जाएगा जिनके 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक होंगे। इसके अलावा वो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होंगी। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाएगा। फाउंडेशन की ओर से उन्हें हॉस्टल सुविधा के तहत रहने और खाने पीने के साथ ही सी.ए. कोर्स की फीस एव कोचिंग का पूरा खर्चा फाउंडेशन की और से ही वहन किया जाएगा।

सोमानी ने बताया कि पहले तो उनका लक्ष्य सुपर टेन ही था लेकिन कुछ परिचित सीए मित्रों से चर्चा करने के बाद 10 की जगह यह संख्या 100 तक हो गई, लेकिन जब इसकी चर्चा देश में भर में हुई तो अब 500 गरीब बच्चियों को सीए का कोर्स नि:शुल्क करवाने का फैसला किया गया है। पिछले तीन सालों से प्रयास करने के बाद अब जाकर सफलता मिली है। फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को इस योजना का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ अवसर पर देश भर के विभिन्न शहरों से फाउंडेशन से जुड़े मित्रों जिनमें सीए सुरेश प्रभु पूर्व केंद्रीय मंत्री, सीए आनंद राठी, चेयरमैन आनंद राठी ग्रुप , सीए नीलेश विक्रमसे पूर्व अध्यक्ष आईसीएआई, सीए विवेक बंसल सार्थक फाइनेंस, सीए विकास खेमानी कार्नेलियन एसेट मैनेजमेंट मुम्बई, सीए अभिषेक जवारे पुणे, और सीए ऋषभ जैन, सीए सुनीत काबरा, मुम्बई, सीए अनुपम जिंदल, मुम्बई, सीए हितेश मांडोत, एमडी राधी एडवाइजर, सीए राजेश अग्रवाल, पार्टनर डेलॉयट, सीए प्रदीप निमाणी, सीएफओ, रेड चिली ने वीडियो के माध्यम से अपने शुभकामना सन्देश दिये।

## देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने किया मसूदा आवासीय विद्यालय का सघन निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री की तस्वीरें नहीं होने पर जताई नाराजगी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भड़ाना ने गुरुवार को मसूदा स्थित राजकीय देवनारायण बालक आवासीय विद्यालय का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, भौतिक और छात्रावास व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की तथा विभिन्न स्तरों पर सुधार के निर्देश दिए। श्री भड़ाना ने विद्यालय परिसर में कक्षा कक्षों, कार्यालय, छात्रावास और भोजनशाला का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने भोजनशाला में परोसी जा रही भोजन सामग्री की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि भोजन की पौष्टिकता और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने विद्यालय के कार्यालय में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तथा मुख्यमंत्री की तस्वीरें नहीं लगी होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरन्त इनकी तस्वीर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह तस्वीरें विद्यार्थियों में राष्ट्रीय गौरव, प्रेरणा और चेतना का संचार करती हैं और सभी राजकीय संस्थानों में इनका होना आवश्यक है।

श्री भड़ाना ने कक्षा 12 में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने को प्राथमिकता बताते हुए स्टाफ को प्रेरित किया कि वे अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें और इसके लिए क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जाए। निरीक्षण के दौरान देवमाली सरपंच पीरू राम गुर्जर, जिला परिषद सदस्य श्री रामपूरण गुर्जर, श्री गोरधन गुर्जर, श्री सांवरलाल ,छात्रावास अधीक्षक श्री गौतम चंद, शार्दूल सिंह तंवर ,निंबाराम सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट विनोद अग्रवाल की मां शांति देवी अग्रवाल के निधन पर दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**नवलगढ़ ( पप्पू लाल शर्मा )।** ओमप्रकाश अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट विनोद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल खिरोड़ निवासी की माता शांति देवी अग्रवाल के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी। राजस्थान , कोलकाता, मुम्बई नवलगढ़ निवासी देवी दत्त मुरारका, श्री नाथ आश्रम मीरण महंत औंकार नाथ महाराज, सालासर बालाजी मंदिर के पुजारी डॉ विष्णु दत्त पुजारी, हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्य प्रकाश पुजारी, मनोज पुजारी,गाडोदा धाम पीठाधीश्वर महावीर जति महाराज, सहित कई नेता और समाजसेवी शोक संवेदना प्रकट किया। सभी ने शांति देवी अग्रवाल के समाज सेवा के कार्यों को याद करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया और शोकाकुल परिवार को धैर्य बनाये रखने की सलाह दी। परिवारजनों ने सबका आभार जताया और कहा कि शांति देवी अग्रवाल का जीवन समाज सेवा व संघर्ष की मिसाल बना रहेगा। शांति देवी अग्रवाल ने गो सेवार्थ भाव था। समाज एवं परिवार को अच्छी शिक्षा और भक्ति का पाठ पढ़ाया।

# कोटपूतली बीडीएम अस्पताल प्रशासन की आंखें बंद, सुलभ शौचालय दो साल से बंद

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिले के प्रमुख राजकीय बीडीएम अस्पताल में दो साल पहले उद्घाटन हुआ सुलभ शौचालय आज तक आम जनता के लिए नहीं खोला गया है। इस असंवेदनशीलता के चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों और राहगीरों को शौचालय की मूलभूत सुविधा तक मयस्सर नहीं हो पा रही है।

गौरतलब है कि वर्ष 2023 में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में यह सुलभ शौचालय बनवाया गया था। इसका उद्घाटन कोटपूतली विधायक और राज्य सरकार में मंत्री राजेन्द्र यादव द्वारा धूमधाम से किया गया था। उद्देश्य था कि अस्पताल आने वाले आम नागरिकों को सुविधा मिल सके और उन्हें शौच के लिए भटकना न पड़े।

लेकिन दो वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह सुविधा सिर्फ ताले में बंद है। शौचालय के दरवाजों पर अब भी ताले जड़े हैं और अस्पताल प्रशासन इस ओर आंख मूंदे बैठा है।

## जिम्मेदारी तय करने से बच रहा प्रशासन, जनता परेशान

जब इस विषय में पीएमओ से बात की गई, तो उन्होंने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा – इस बारे में चेतन रावत से बात कीजिए। वहीं, पीएमओ चेतन रावत से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन तक रिसीव नहीं किया। यह साफ दर्शाता है कि अस्पताल में प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही और जवाबदेही की भारी कमी है। अब सवाल यह उठता है कि— आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है?

अस्पताल प्रशासन किस राजनीति के चलते जनता से उनकी मूलभूत सुविधा छीन रहा है? स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अस्पताल प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग से इस मामले में जल्द हस्तक्षेप करने की मांग की है। यदि शीघ्र कोई कदम नहीं उठाया गया, तो आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।



## फोर्टी प्रतिनिधिमंडल मिला उद्योग सचिव से
# अमेरिकी टैरिफ की चुनौती का मिलकर करेंगे सामना- फोर्टी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव उद्योग आलोक गुप्ता से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में फोर्टी संरक्षक सुरजाराम मील, अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, इंडस्ट्री कमेटी चेयरमैन जगदीश सोमानी, एमएसएमई कमेटी चेयरमैन विनय गोधा, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, वुमन विंग अध्यक्ष नीलम मित्तल शामिल। फोर्टी की ओर उद्योग सचिव को सुझाव दिया कि अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ की चुनौती का सामना प्रदेश के उद्योगपति और सरकार मिलकर करें। नए वैश्विक बाजार तलाशने और अन्य विकल्पों के लिए प्रदेश के निर्यातकों को तैयार करने के लिए फोर्टी सरकार के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। फोर्टी की ओर से सरकार को सौंपे अन्य सुझावों में रिप्स-2024 के तहत छूट के रिफंड, एमएसएमई के लिए वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम, धारा 43 बी (एच) के तहत सरकार उपक्रमों में भी भुगतान के लिए 45 दिन की समय सीमा तय होनी चाहिए। राइजिंग राजस्थान के तहत एमओयू करने वाले निवेशकों की विसंगतियों को दूर करने की मांग की गई। उद्योग सचिव ने फोर्टी के सुझाव और मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

### केनरा बैंक में चोरी की कोशिश
## स्ट्रांग रुम का लॉक तोड़ने में कामयाब नहीं होने पर भाग निकले बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** झोटवाडा थाना इलाके में केनरा बैंक में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि शटर तोड़कर नकाबपोश बदमाश बैंक के अंदर घुसे,लेकिन स्ट्रांग रुम का लॉक तोड़ने में कामयाब नहीं होने पर बदमाश भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर मिले फुटेज के आधार पर नकाबपोश बदमाशों की तलाश कर रही है।

जांच अधिकारी एएसआई रामसिंह ने बताया कि कालवाड़ रोड पर भौमिया नगर में केनरा बैंक की झोटवाड़ा शाखा है। बैंक की वरिष्ठ प्रबंधक रवनीत कौर ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि 27 जुलाई की रात को बदमाशों ने चोरी की नीयत के चलते बैंक का शटर तोड़कर चैनल गेट से अंदर घुसे। ट्रेजरी में बने स्ट्रांग रुम के लॉक से छेड़छाड़ कर तोड़ने का प्रयास किया। काफी कोशिश के बाद भी कामयाब नहीं होने पर पकड़े जाने के डर से चोर फरार हो गए। 28 जुलाई की सुबह सिक्योरिटी गार्ड गिरवर सिंह को बैंक पहुंचने पर वारदात का पता चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जहां फुटेज में दो बदमाश मुंह पर कपड़ा डाले दिखे। जहां शटर तोड़ने के बाद नकाबपोश एक बदमाश बैंक के अंदर चला गया। दूसरा बाहर खड़ा होकर निगरानी रखता दिखाई दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# किसान सम्मान उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

### राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत शनिवार 02 अगस्त को वाराणसी उत्तर प्रदेश बम आयोजित किसान सम्मान उत्सव दिवस में 20 वीं किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित किये जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस उपलक्ष्य में जिला स्तरीय किसान सम्मान उत्सव समारोह का आयोजन 02 अगस्त शनिवार को प्रातः 11 बजे राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली के सभागार में किया जायेगा। जिला स्तर के कार्यक्रम राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुडेंगे। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुये समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। सहायक रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग अशोक दीप पिंगोलिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जैपुरिया ग्रुप ऑफ़ एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस की राजस्थान में स्कूल खोलने की बड़ी योजना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिक्षा के क्षेत्र में 80 वर्षों की समृद्ध विरासत रखने वाले सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ़ एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस ने राजस्थान के विभिन्न शहरों में स्कूल खोलने की योजना की घोषणा की है।

यह घोषणा होटल क्लार्क्स आमेर आयोजित स्कूल न्यूज़ ग्लोबल एजुफेस्ट के दौरान की गई। इस मौके पर समूह के चेयरमैन शिशिर जैपुरिया, डायरेक्टर – स्कूल्स एवं आईटी हरीश संदुजा, और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट – पार्टनर स्कूल्स तरुण चावला उपस्थित रहे।



शिशिर जैपुरिया ने कहा, हमारा ग्रुप उत्तर प्रदेश में पहले से ही मजबूत उपस्थिति रखता है। अब हम उत्तर और मध्य भारत के अन्य राज्यों में विस्तार करना चाहते हैं। राजस्थान हमारे लिए खास है, क्योंकि हमारे पारिवारिक संबंध यहां से हैं। हम जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और बीकानेर जैसे शहरों में समान सोच वाले व्यक्तियों व निवेशकों के साथ मिलकर स्कूल खोलना चाहते हैं। वर्तमान में ग्रुप के पास 23 के-12 स्कूल, 5 प्री-स्कूल, 2 प्रबंधन संस्थान और 1 शिक्षक प्रशिक्षण अकादमी है। आने वाले 2-3 वर्षों में ग्रुप 15 से 20 नए स्कूल खोलने की योजना बना रहा है।

हरीश संदुजा ने कहा, हम अपने स्कूलों में विद्यार्थियों को बाल-केंद्रित, मूल्य-आधारित और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन शिक्षा प्रदान करते हैं, जो उन्हें अकादमिक सफलता के साथ-साथ जीवन भर सीखने की ओर प्रेरित करती है।समूह विभिन्न प्रकार की साझेदारियों के लिए पूरी तरह से तैयार है। हम ऐसे निवेशकों, शिक्षा उद्यमियों और जमीन मालिकों से जुड़ना चाहते हैं, जो खुद का स्कूल शुरू करने की इच्छा रखते हैं। फिलहाल जैपुरिया ग्रुप की उपस्थिति उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां: कोटपूतली में हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कोटपूतली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया। यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का जिला स्तरीय मुख्य समारोह राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

### प्रमुख निर्देश और व्यवस्थाएं

जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां समय पर पूरी हो जाएं। बैठक में दिए गए कुछ प्रमुख निर्देश इस प्रकार हैं-

### समारोह स्थल की तैयारी

नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट को मानसून के मौसम को देखते हुए समारोह स्थल पर वॉटरप्रूफ टेंट, जल निकासी और मिट्टी भरने जैसे सभी इंतजाम पहले से करने के लिए कहा गया।

### परेड और मार्च पास्ट

एसडीएम बृजेश चौधरी को कार्यक्रम की मिनट-टू-मिनट रूपरेखा तैयार करने और परेड व मार्च पास्ट को व्यवस्थित करने का जिम्मा सौंपा गया।



### सम्मान समारोह

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए आवेदन एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता वाली समिति को समय पर भेजने के निर्देश दिए गए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए चयन समिति को निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम देशभक्ति और शिक्षाप्रद होने चाहिए।

### वीरांगनाओं का सम्मान

वीरांगनाओं को सम्मानपूर्वक कार्यक्रम स्थल पर लाने और वापस ले जाने की उचित व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया।इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और समारोह को सफल बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

## तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम माइक्रोबायोम अनुसंधान के माध्यम से स्वास्थ्य एवं आरोग्यता की समझ का समापन



बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में दिनांक 30 जुलाई से 1 अगस्त 2025 तक "Understanding Health and Wellness through Microbiome Research विषय पर तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के माननीय कुलपति प्रो. संजीव शर्मा जी द्वारा किया गया, जिसमें संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, डीन, प्रो-वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने माइक्रोबायोम अनुसंधान को आयुर्वेद की अवधारणाओं को वैज्ञानिक भाषा में प्रस्तुत करने का एक प्रभावी माध्यम बताते हुए, इस दिशा में अनुसंधान को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. शर्मिला मांडे (आयुष डिस्टिंग्विश्ड साइंटिस्ट चेयर) ने आयुर्वेद में माइक्रोबायोम अनुसंधान की संभावनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आयुर्वेद की अवधारणाएं जैसे अग्नि, त्रिदोष, आहार, विहार इत्यादि को माइक्रोबायोम डाटा के माध्यम से वैज्ञानिक रूप से सिद्ध किया जा सकता है।

अन्य प्रमुख वक्ताओं में डॉ. तारीणी शंकर घोष, सहायक प्रोफेसर, IIIT दिल्ली और प्रो. विनीत शर्मा, IISER भोपाल शामिल थे, जिन्होंने प्रतिभागियों को, माइक्रोबियम अनुसंधान के लिए विभिन्न सैंपल ग्रहण करने की तकनीक, 16S rRNA एनालिसिस, शॉटगन सीक्वेंसिंग , संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण तथा डाटाबेस विश्लेषण जैसे तकनीकी पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

**राजस्थान धरोहर प्राधिकरण**
भू-तल, पर्यटन भवन, विधायकपुरी थाने के सामने, जयपुर-302001 Tel: 0141-2615648/40 Email: rhppa.jaipur@gmail.com,
क्रमांक :- एफ.01(946)/संस्था/राजकाज 16795240 दिनांक :- 30/07/2025
**निविदा सूचना संख्या 17/2025-26**
निम्नलिखित कार्यों के लिए पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में खुली निविदा प्रक्रिया हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Providing and Supplying of Computers and Printers for RHA Office. UBN is: HPP2526GSOB00023 | 2,55,500.00 | 7 Days |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://sppp.raj.nic.in एवं कार्यालय राजस्थान धरोहर प्राधिकरण, जयपुर पर देखा जा सकता है।
Date of issuing – 01-08-2025 to 08-08-2025 up to 5.00 PM
Date of receiving – 11-08-2025. up to 4.00 PM
Date of opening – 11-08-2025. up to 4.45 PM
राज.संवाद/सी/25/7283 मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# कम उम्र में बढ़ रहे हृदयाघात के मामलों के बीच राहत की उम्मीद: राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में कफज हृद्रोग पर हो रहा है शोध

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में प्राचीन चिकित्सा विज्ञान और आधुनिक जांच तकनीक के माध्यम से किया जा रहा है हृदय रोगो का उपचार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, मानसिक तनाव, असंतुलित खानपान और शारीरिक निष्क्रियता ने कम उम्र में ही लोगों में गंभीर बीमारियों को जन्म दिया है। हृदयाघात (हार्ट अटैक) के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह बीमारी अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रही, बल्कि 30 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं में भी इसका खतरा तेजी से बढ़ा है।

इसी चिंताजनक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जयपुर के जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के काय चिकित्सा विभाग (इंटरनल मेडिसिन डिपार्मेंट) में कफज हृद्रोग जिसे आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में क्रॉनिक स्टेबल एंजाइना कहा जाता है, पर आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से गहन शोध किया जा रहा है। यह रोग उस स्थिति को दर्शाता है जब शारीरिक परिश्रम या भावनात्मक तनाव के समय रोगी को छाती में दर्द, सांस फूलना, अत्यधिक थकान, कमजोरी और घबराहट जैसी समस्याएं होती हैं। इसका मुख्य कारण हृदय की रक्त वाहिनियों में वसा या प्लाक का जमा होना होता है, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है। आयुर्वेद के अनुसार, यह रोग मुख्यत: कफ दोष के असंतुलन के कारण उत्पन्न होता है।

संस्थान के काय चिकित्सा विभाग में वर्षों से हृदय रोगों के आयुर्वेदिक उपचार और अनुसंधान का कार्य चल रहा है। काय चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर उदय राज सरोज के निर्देशन में एम.डी. छात्रा डॉ. लिट्टी मैथ्यू द्वारा कफज हृद्रोग पर विशेष अनुसंधान किया जा रहा है, जिसमें आयुर्वेदिक ग्रंथों में वर्णित औषधीय योगों के माध्यम से हृदय की धमनियों में जमे वसा (कोलेस्ट्रॉल) को घटाकर रक्त संचार को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है।

कुलपति, प्रो. संजीव शर्मा ने कहा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का उद्देश्य आयुर्वेद के सिद्धांतों पर आधारित वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देना है, जिससे आधुनिक रोगों का समाधान आयुर्वेदिक पद्धति से किया जा सके। युवाओं में बढ़ रहे हृदय रोगों की रोकथाम व उपचार के लिए यह शोध कार्य एक उल्लेखनीय कदम है। हमारी कोशिश है कि आयुर्वेद विज्ञान वैश्विक स्तर पर रोग निवारण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाए। आज संस्थान के सभी विभागों द्वारा कई गंभीर बिमारियों पर शोध कार्य किये जा रहे है, साथ ही कई रोगो का निदान ओर उपचार किया जा रहा है।



काय चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एच. एम. एल. मीना ने बताया इस समय जब देशभर में युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक की घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं, ऐसे में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में किया जा रहा यह शोध एक उम्मीद की किरण है। आयुर्वेद की ताकत, आधुनिक परीक्षण सुविधाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में हो रहा यह शोधकार्य भविष्य में हृदय रोगों की आयुर्वेदिक रोकथाम और प्रबंधन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय उपनिदेशक उद्यान, अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र, देवड़ावास, टोंक, (राजस्थान)-304802
Email.DDHCOE,TONK.HORT@RAJASTHAN.GOV.IN
क्रमांक: सीओई/निविदा/2025-26/462 दिनांक: 23.7.2025
**निविदा सूचना**
वित्तीय व, 2025-26 के लिए कार्यालय उप निदेशक उद्यान, अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र, देवड़ावास टोंक की ओर से सैकेण्डरी नर्सरी इनसेक्ट नेट हाउस के उपकरण खरीद एवं मरम्मत हेतु खुली निविदा के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदादाता/संवेदकों/आपूतिकर्ता से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 23.7.2025 से 4.8.2025 दोपहर 12.00 बजे तक है तथा निविदा के दस्तावेज जमा कराने की तिथि 4.8.2025 दोपहर 12.30 बजे तक एवं खोलने की तिथि 4.8.2025 दोपहर 1.00 बजे बाद होगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | NIB/UBN |
|---|---|---|
| 1. | अमरुद उत्कृष्टता केन्द्र देवड़ावास टोंक सैकेण्डरी नर्सरी इनसेक्ट नेट हाउस के उपकरण खरीद एवं मरम्मत हेतु (7.50 लाख-खुली निविदा) | NIB.HOR2526A0096 NIB.HOR2526OB00099 |

उप निदेशक उद्यान
सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस
देवड़ावास, टोंक।

## सम्पादकीय

# गति सीमा से तेज वाहन चलाने पर सड़क दुर्घटना, राजमार्गों पर सुरक्षा मानदंडों की हो रही अनदेखी



देश में जब राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा था, तब यह उम्मीद जताई गई थी कि ये आवाजाही के सुगम और सुरक्षित मार्ग साबित होंगे। कई लेन में आने-जाने के लिए बनीं चौड़ी सड़कों ने तेज रफ्तार को मानो नए पंख दे दिए। कम समय में गंतव्य तक पहुंचने की चाह रखने वालों की बरसों पुरानी इच्छा पूरी हो गई। लोग कुछ ही घंटे में सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा पूरी करने लगे। मगर यह सुगम मार्ग सुरक्षित नहीं रहा। आज स्थिति यह है कि चालक गति सीमा तोड़ कर वाहन चलाने लगे हैं। इस दौरान वे कई नियमों की अनदेखी करते चले जाते हैं। नतीजा यह कि हादसे से बचने के लिए उन्हें ब्रेक लगाने तक का समय नहीं मिलता।

राजमार्गों पर अचानक ब्रेक लगाना न केवल चालक के लिए, बल्कि दूसरे वाहन चालकों के लिए भी जानलेवा बन जाता है। ऐसी सड़कों पर तेज रफ्तार और अचानक ब्रेक लेने से बढ़ रहे हादसों ने कई सवाल खड़े किए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में कोयंबटूर में हुई एक दुर्घटना की सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने एक महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि हाइवे पर बिना कोई चेतावनी दिए अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही मानी जाएगी।

इसमें कोई दोराय नहीं कि कोई वाहन चालक अगर राजमार्ग पर गाड़ी रोकना चाहता है, तो पीछे आ रही गाड़ियों को संकेत देना चाहिए। शीर्ष अदालत का कहना उचित है कि आपात स्थिति में भी कोई अचानक ब्रेक लगा देता है, तो यह गैर-जिम्मेदाराना है। सामान्य स्थितियों में यह जरूरी होना चाहिए कि तेज रफ्तार वाहन ब्रेक लगाने से पहले चेतावनी संकेत दें। यों यह भी सच है कि राजमार्गों पर तेजी से वाहन दौड़ा रहे चालक आमतौर पर दूसरी गाड़ियों से सुरक्षित दूरी बना कर नहीं चलते। यह एक सबसे खतरनाक स्थिति है। 'हाइवे रोड सेफ्टी रपट 2021' के मुताबिक राजमार्गों पर होने वाले सभी दुर्घटनाओं में 74.4 फीसद हादसे गति सीमा से अधिक वाहन चलाने के कारण होते हैं। स्पष्ट है कि राजमार्गों पर सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी हो रही है। इन्हें और भी सख्त बनाने के साथ चालकों को भी जागरूक करने की अब जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला लापरवाह चालकों के लिए कड़ी चेतावनी है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 2 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुर्शिदाबाद पर 1763 को कब्जा करने के बाद ब्रिटिश सेना का पश्चिम बंगाल के गिरिया में मीर कासिम से युद्ध हुआ।
- नीदरलैंड की सेना ने 1831 में दस दिनों के अभियान के बाद बेल्जियम पर कब्जा किया।
- ब्रिटिश सरकार ने 1858 में गवर्मेंट ऑफ इंडिया एक्ट पारित किया।
- ब्रितानी संसद ने 1858 में ईस्ट इंडिया कंपनी से भारतीय प्रशासन अपने हाथों में लेने वाला विधेयक पारित किया।
- लंदन में विश्व का प्रथम भूमिगत ट्यूब रेलवे टावर सबबे 1870 में शुरु हुआ।
- चीन में 1922 को समुद्री तूफान टाइफून से लगभग साठ हजार लोगों की मृत्यु हो गई।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के 29वें राष्ट्रपति वारेन जी हार्डिंग की 1923 में कार्यालय में मृत्यु।
- पॉजीट्रान, इलेक्ट्रॉन का एक कण, की कार्ल डी एंडीसन द्वारा 1932 में खोज की गई।
- जर्मन राष्ट्रपति पॉल फॉँ हिंडेनबर्ग का 1934 में निधन के बाद हिटलर के मंत्रिमंडल ने नए चुनाव करवाने के बजाय राष्ट्रपति के पद को रिक्त रखकर समस्त शक्तियां राष्ट्रप्रमुख को हस्तांतरित करने का कानून पास किया।
- ब्रिटिश सरकार ने 1935 में भारत सरकार अधिनियम पारित कर बर्मा और अदन को भारत से अलग किया।
- विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने 1939 में परमाणु हथियार अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रपति रूजवेल्ट को पत्र लिखा।
- तुर्की ने 1944 में जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
- सोवियत संघ ने 1955 में परमाणु परीक्षण किया।
- श्रीमती सी बेलियप्पा मुतम्मा 1970 में भारत की पहली महिला राजदूत बनीं, जिन्हें हंगरी का राजदूत बनाया गया।
- इटली में 1980 को बम धमाका, 85 लोगों की मौत हो गई।
- यूरो अदालत ने 1984 में फ़ोन टैपिंग की आलोचना की।
- अमेरिका में 1985 को जंबो जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें 130 लोग मारे गये।
- विश्वनाथ आनंद 1987 में विश्व जूनियर शतरंज चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले एशियाई बने।
- ईराक द्वारा कुवैत पर 1990 को अधिकार एवं वहाँ के अमीर का सऊदी अरब पलायन।
- चीन ने 1999 में लम्बी दूरी (8000 किमी।) की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया।

पाकिस्तान से भारत से चीनी आयात को 2001 में मंजूरी दी।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 2003 में लाइबेरिया में संघर्ष विराम लागू करने के लिए सेना भेजने की अनुमति दी।

अमेरिका की लिंडसे डेवनपोर्ट ने 2004 में रूस की मिस्कीनी की हराकर सान डियागो टेनिस चैम्पियनशिप का महिला एकल ख़िताब जीत लिया।

जाफना के दक्षिणी द्वीप कियुशु में 2007 को सुबह आये भयानक तूफ़ान उगासी ने व्यापक पैमाने पर क्षति पहुँचायी।

## विशेष आलेख

# विश्व का सबसे महंगा और अत्याधुनिक उपग्रह निसार-अंतरिक्ष के क्षेत्र में नासा-इसरो की बड़ी छलांग





सुनील कुमार महला

**वास्तव में, यह पृथ्वी पर भूमि और बर्फ का 3डी व्यू मुहैया कराएगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह दुनिया का पहला ऐसा सैटेलाइट है जो दोहरी रडार फ्रीक्वेंसी (नासा का एल-बैंड और इसरो का एस-बैंड) का इस्तेमाल करके पृथ्वी की सतह(धरातल) को स्कैन करेगा।नासा का एल-बैंड (24 सेमी तरंगदैर्ध्य) घने जंगल, बर्फ और मिट्टी के नीचे की गतिविधियों जैसे भूकंप और ज्वालामुखी का आसानी से पता लगा सकता है। वहीं दूसरी ओर, इसरो का एस-बैंड सतह की छोटी-छोटी चीजों, जैसे फसलों की संरचना, बर्फ की परतें और मिट्टी की नमी आदि को मापने में माहिर है।**

हाल ही में बुधवार 30 जुलाइ 2025 को नासा (अमेरिका)और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो( भारत) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व का सबसे महंगा और अत्याधुनिक उपग्रह %निसार%, जो कि एक %लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट% है, को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5ः40 बजे प्रक्षेपित करके, जो कि 2,392-2800 किलो वज़नी( एसयूवी के आकार का) है, को नासा-इसरो द्वारा सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित किया गया है। वास्तव में, यह अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत और अमेरिका की एक बड़ी और संयुक्त सफलता मानी जा रही है। पाठकों को बताता चलूं कि नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर राडार या %निसार मिशन% दोहरी आवृत्ति( डबल फ्रीक्वेंसी) वाले सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह को विकसित करने और लॉन्च करने के लिए नासा और इसरो के बीच एक संयुक्त परियोजना( ज्वाइंट प्रोजेक्ट) है। %निसार% का पूरा नाम-%नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार% है।13,000 करोड़ रुपये (1.5 बिलियन डॉलर) की लागत वाले इस मिशन में इसरो का योगदान 788 करोड़ रुपये है। ग़ौरतलब है कि %निसार मिशन% एक्सिअम-4 मिशन के तुरंत बाद लॉन्च किया गया है, जिसमें पहली बार कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन गया था। इसे जीएसएलवी-एस16 रॉकेट के ज़रिए लॉन्च किया गया है। इस मिशन की अवधि की यदि हम यहां बात करें तो इसकी अवधि 3 साल है, लेकिन ईंधन और स्थिरता के आधार पर यह 5 साल तक भी चल सकता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यदि हम यहां %निसार% की डेटा मात्रा की बात करें तो, हर दिन 80 टेराबाइट डेटा, यानी 150 हार्ड ड्राइव (512 जीबी) जितनी इसकी डेटा क्षमता है। इसमें जो एंटीना लगा है वह 12 मीटर का तारों का मेश एंटीना है, जिसे %नासा% के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने बनाया है। उल्लेखनीय है कि यह %नासा% द्वारा किसी उपग्रह के लिए बनाया गया, अब तक का सबसे बड़ा/विशालकाय एंटीना है। जानकारी के अनुसार यह लॉन्च के बाद खुलता है और रडार सिग्नल भेजने-प्राप्त करने में मदद करता है।और यदि हम इसकी( निसार) पावर की बात करें तो इसमें पावर 6,500 वाट बिजली है, जो कि इसे बड़े सोलर पैनल से मिलेगी। %निसार% उपग्रह में इस्तेमाल होने वाली स्वीप-एसएआर तकनीक, इसे एक साथ बड़े क्षेत्र को हाई-रिज़ॉल्यूशन में स्कैन करने की ताकत देती है।यह रडार सिग्नल भेजता है और उनके वापस आने पर तस्वीरें बनाता है।उपलब्ध जानकारी के अनुसार %निसार% उपग्रह नीले ग्रह धरती की हर हलचल पर बाज जैसी तीक्ष्ण और पैनी नज़र रखेगा और इसका फायदा समस्त मानवजाति को मिलेगा। गौरतलब है कि %निसार मिशन% पृथ्वी का %एमआरआई स्कैनर% है, जो भूकंप, सुनामी, भूस्खलन और बाढ़ जैसी विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं की पहले से ही चेतावनी दे देगा। यह सैटेलाइट( उपग्रह ) दोहरे रडार सिस्टम, हर मौसम में काम करने की क्षमता, और सेंटीमीटर स्तर की सटीकता के साथ पृथ्वी की सतह को स्कैन करेगा। यह धरती की सतह की इतनी बारीक तस्वीरें ले सकता है कि सेंटीमीटर तक के छोटे से छोटे बदलाव भी आसानी के साथ पकड़ लेता है। दूसरे शब्दों में कहें तो %निसार% एक सेंटीमीटर के दायरे की सटीक फोटो खींचने और उसे धरती पर भेजने में सक्षम है।

वास्तव में, ये दोनों रडार( एल और एस बैंड) मिलकर 5-10 मीटर की सटीकता के साथ तस्वीरें लेते हैं और 242 किमी चौड़े क्षेत्र को कवर करते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि जहां पर एक आम सैटेलाइट ऑप्टिकल कैमरों से लैस होता है, तथा वह घने बादलों और रात के समय में तस्वीरें लेने या यूं कहें कि काम करने में सक्षम नहीं होता है, वहीं %निसार% के रडार किसी भी मौसम में, प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बादलों, धुएं और जंगलों आदि को भेदकर दिन-रात कभी भी काम कर सकने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखतें हैं। जानकारी के अनुसार %निसार% सैटेलाइट हर 12 दिन में पृथ्वी और बर्फीली सतह को स्कैन करेगा, और औसतन हर 6 दिन में डेटा उपलब्ध कराएगा। यह सूर्य-समकालिक कक्षा (747 किमी ऊंचाई, 98.4ए झुकाव) में रहेगा, जिससे इसे लगातार रोशनी मिलेगी और यह ठीक से काम करता रहेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो, इस %लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट%( निसार) को पृथ्वी से 747 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा। यह सैटेलाइट %सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट% में भेजा गया है, यानी यह पृथ्वी के एक ही हिस्से से नियमित अंतराल पर गुज़रेगा, जिससे वह सतह पर होने वाले बदलावों को देख सकेगा और उसकी मैपिंग कर सकेगा। यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इसके( निसार सैटेलाइट) दोहरे रडार, इसके हर मौसम में काम करने की क्षमता और मुफ्त डेटा नीति इसे अनोखा बनाती है।सच तो यह है कि भारत के लिए यह आपदा प्रबंधन, कृषि और जल प्रबंधन में गेम-चेंजर साबित होगा। दरअसल,यह सैटेलाइट( निसार) सटीकता से धरती की सतह पर जमी बर्फ़ से लेकर उसके ज़मीनी हिस्से, ईकोसिस्टम में बदलाव, समंदर के जलस्तर में बदलाव और ग्राउंड वाटर लेवल से जुड़े आंकड़े जमा करेगा।

# रजिस्टर्ड पोस्ट का अंत: भरोसे की वह मुहर अब नहीं रहेगी



प्रो. आरके जैन

**डाकिए की साइकिल की घंटी, थैले से झाँकते पत्रों की उत्सुक प्रतीक्षा, और रजिस्टर्ड डाक की पावती पर हस्ताक्षर का रोमांच-ये पल भारतीयों के दिलों में एक युग की तरह अमर हैं। लेकिन अब यह युग समाप्त होने जा रहा है। भारतीय डाक विभाग ने 1 सितंबर, 2025 से अपनी 50 साल पुरानी रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा को बंद करने का ऐलान किया है, जिसे अब स्पीड पोस्ट में समाहित कर दिया जाएगा।**

यह निर्णय केवल एक सेवा का अंत नहीं, बल्कि लाखों लोगों की भावनाओं, यादों, और विश्वास से जुड़े एक इतिहास का समापन है। रजिस्टर्ड पोस्ट, जो कभी नौकरी के नियुक्ति पत्र, कानूनी नोटिस, या प्रियजनों के बधाई संदेशों का वाहक थी, अब केवल स्मृतियों में सिमट जाएगी। यह सेवा न केवल दस्तावेजों को जोड़ती थी, बल्कि यह भारत के ग्रामीण और शहरी जीवन की धड़कन थी, जो अब हमेशा के लिए थम जाएगी। रजिस्टर्ड पोस्ट का इतिहास ब्रिटिश काल से शुरू होता है, जब इसे औपनिवेशिक शासन ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षित डिलीवरी के लिए शुरू किया था। यह सेवा अपनी विश्वसनीयता और कानूनी मान्यता के लिए जानी जाती थी। अदालतों में इसके जरिए भेजे गए दस्तावेज साक्ष्य के रूप में स्वीकार किए जाते थे, और सरकारी विभागों, बैंकों, और शैक्षणिक संस्थानों ने इसका भरपूर उपयोग किया। 2024-25 की भारतीय डाक विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में लगभग 9.8 करोड़ रजिस्टर्ड डाक आइटम भेजे गए, जो इस सेवा की व्यापक लोकप्रियता को दर्शाता है। पावती सहित डाक (ऐकनॉलेजमेंट ड्यू) की सुविधा ने इसे और भी भरोसेमंद बनाया, क्योंकि प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर डिलीवरी की पुष्टि करते थे। यह सेवा उन दिनों की याद दिलाती है, जब डाकिया किसी संदेशवाहक से कम नहीं था, जो खुशी, उम्मीद, और कभी-कभी उदासी के पत्र लेकर घर-घर पहुंचता था। डिजिटल युग के आगमन और निजी कूरियर सेवाओं के बढ़ते दबदबे ने डाक विभाग को अपने परिचालन को पुनर्गठित करने के लिए प्रेरित किया है। सरकार का तर्क है कि रजिस्टर्ड पोस्ट को स्पीड पोस्ट में मिलाने से परिचालन अधिक कुशल होगा, ट्रैकिंग प्रणाली बेहतर होगी, और ग्राहकों को तेज सेवा मिलेगी। स्पीड पोस्ट, जो 1986 में शुरू हुई थी, अपनी त्वरित डिलीवरी और उन्नत ट्रैकिंग के लिए पहले ही प्रसिद्ध है। भारतीय डाक विभाग के 2025 के आंकड़ों के अनुसार, स्पीड पोस्ट की ट्रैकिंग प्रणाली 99.97त्न सटीक है, और यह सेवा 230 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय डिलीवरी प्रदान करती है। इसके विपरीत, रजिस्टर्ड पोस्ट की ट्रैकिंग सुविधा अपेक्षाकृत सीमित थी और यह मुख्य रूप से घरेलू डिलीवरी तक ही प्रभावी थी। डाक विभाग का दावा है कि इस एकीकरण से वार्षिक परिचालन लागत में 12त्न की कमी आएगी, जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। निश्चित रूप से, इस बदलाव का आर्थिक असर आम आदमी पर पड़ना अवश्यंभावी है। रजिस्टर्ड पोस्ट, अपनी किफायती दरों के लिए लोकप्रिय, अब चुनौती बन सकती है। इसकी शुरुआती फीस 25.96 रुपये है, जिसमें प्रति 20 ग्राम या उसके हिस्से पर 5 रुपये अतिरिक्त लगते हैं। दूसरी ओर, स्पीड पोस्ट की शुरुआत 50 ग्राम तक के लिए 41 रुपये से होती है, जो दूरी और वजन के साथ बढ़ती जाती है—यह रजिस्टर्ड पोस्ट से 20-25त्न महंगी है। ग्रामीण भारत, जहां 1.56 लाख डाकघरों में से 89त्न (भारतीय डाक विभाग, 2025 वार्षिक रिपोर्ट) संचार का प्रमुख साधन हैं, वहां यह बदलाव छोटे व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों के लिए भारी पड़ सकता है। रजिस्टर्ड पोस्ट की सस्ती दरें लाखों लोगों के लिए वरदान थीं।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



अनामिका गुप्ता

हर बेटी में छिपी होती है एक नई सुबह की उम्मीद, बस ज़रूरत होती है विश्वास की,अनामिका गुप्ता ने यही विश्वास अपने माता-पिता की मेहनत, अपने शिक्षकों के मार्गदर्शनऔरअपनेसपनों की सच्चाई से अर्जित किया। राजस्थान के अलवर से निकलकर उन्होंने दिखा दिया कि अगर हौसले बुलंद हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। 8 जुलाई 2002 कोअलवरमें जन्मीं अनामिका गुप्ता के पिता डी0 आर0गुप्ता, आईईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में पिछले करीब 27 वर्षों से निजी सचिव पद परकार्यरत हैं।उनकी माता आशागुप्ता आकाशवाणी में कैज़ुअल कम्पेयर होने के साथ-साथ ब्यूटी एंड वेलनेस एवं योगा के क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं के साथ जुडकर सक्रिय रूप से योगदान कर रही हैं। वे अनामिका के लिए शिक्षा, आत्मविश्वास और सादगी की जीवंत मिसाल रही हैं। अनामिका बताती हैं कि उन्होंने मेहनत का महत्व अपने पापा से सीखा, जोदिन-रात बिना थके अपने कर्तव्यों का निर्वहन करतेहैं।उनकी निरंतर मेहनतऔर समर्पण ने अनामिका को हर परिस्थिति में डटे रहने की प्रेरणा दी। अनामिका की बड़ी बहन, सोनाक्षीगुप्ता ने बी.टेक की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमानमें एक मल्टी नेशनल कंपनी में कार्यरत हैं।अनामिका बताती हैं कि उन्हें अपनी बहन से हमेशा प्रेरणा और मार्ग दर्शन मिला है, जिसनेउन्हें अपने कैरियर को लेकर स्पष्ट दिशा दी। उनके छोटे भाई राजनगुप्ता भीअनामिका से प्रेरणा लेकर पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। वर्तमान में वह 11वीं कक्षा का छात्र है और उसने हालही में 10वीं बोर्ड परीक्षा में करीब 95 प्रतिषतअंक प्राप्त कर पूरेपरिवार को गौरवान्वित किया है। अनामिका ने कक्षा 1 से 8 तक 0जी0एम0पब्लिकस्कूल,अलवर से पढ़ाई कीतथा कक्षा 9 से 12 तक वे आर्य पब्लिक स्कूल की छात्रा रहीं और लगातार दोवर्षों तक हेडगर्ल के रूपमें अपनीनेतृत्व क्षमता का प्रदर्शनकिया। 10वीं कक्षा में शानदार अंकों के कारण उन्हें 11वीं और 12वीं कक्षा मेंआर्य कन्या समिति द्वारा स्कॉलर शिप प्रदान की गई साथ ही समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से सम्मानित भी किया गया। अनामिका न केवल शिक्षा में अव्वलरही हैं, बल्कि हर गतिविधि में भी हमेशा आगे रही हैं-फिर वह नृत्य हो, पेंटिंग हो या किसी मंचसंचालन की भूमिका।

उनकी रचनात्मकता औरआत्मविश्वास हर मंच पर साफ़ झलकता है। अनामिका का सपना है कि वे एक कुशल होम्योपैथिक चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करें और साथ हीअपनी कला को भी जीवन का हिस्सा बनाए रखें। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

-रूपक शर्मा

## Today

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 9 | 6 | 7 | |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| | 7 | | 3 | 1 | | | | 9 |
| 4 | | | | | 8 | | 5 | |
| | | | 5 | | | | 9 | |
| | 3 | 5 | | 9 | | 2 | 8 | |
| 9 | | 6 | 8 | 7 | | 4 | | |
| | | 8 | | 2 | | | | |
| | | | 1 | | 5 | | | |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 |
| 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 4 | 3 | 7 | 2 | 6 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होंगे, जिससे काफी प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा। संतान की चिंता सताएगी।

### वृष

शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्वादिष्ट भोजन और अच्छे कपड़े पहनने को मिलेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक गुजारेंगे। उनकी तरफ से आपको भेंट-उपहार मिल सकता है। सार्वजनिक

### मिथुन

जीवनसाथी के साथ भी अच्छा वक्त बीतेगा। व्यावसायिक कार्य से बाहर जाना हो सकता है। आज आप नए काम के शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक वातावरण खुशनुमा रहेगा।

### कर्क

साहित्य लेखन के लिए अच्छा दिन होने के कारण आप लेखन में प्रतिभा दिखा सकते हैं। आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं।

### सिंह

वैवाहिक जीवन बेहतर रहेगा। नई वस्तुओं की खरीदारी के लिए आज का दिन उत्तम है। आज नए काम की योजना बनेगी। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभ प्रदान करने वाला होगा। पत्नी का सहयोग मिलेगा।

### कन्या

आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी होगी। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी। आप किसी बौद्धिक या तार्किक चर्चा में भाग लेंगे। भागीदारी में लाभ होगा।

### तुला

आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे। वाणी पर संयम रखें अन्यथा मतभेद हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज अत्यधिक खर्च हो सकता है। मानहानि हो सकती है, अतः सावधान रहें। आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक

भाई-बंधुओं से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा। कलाकारों, कारीगरों और लेखकों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। विरोधी परास्त होंगे। आपका आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है।

### धनु

उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। महिला मित्र आज विशेष सहायक होंगी। बच्चों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर मिलेगा। बुजुर्गों तथा बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा।

### मकर

मन में आने वाले नकारात्मक विचारों से दूर ही रहें। आज दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी।

### कुंभ

आपका आज का दिन सुख- शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

### मीन

कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। किसी भी अनैतिक और सरकार विरोधी कामों से दूर रहें अन्यथा आप मुसीबत में आ सकते हैं। कोई शुभ प्रसंग हो सकता है।

# बीसलपुर बांध का फिर चौथा गेट खोला : चारों गेटों को 2-2 मीटर खोलकर प्रति सेकंड बनास नदी में छोड़ा जा रहा 48080 क्यूसेक पानी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** बीसलपुर बांध में पानी की आवक बढ़ने से एक दिन बाद ही शुक्रवार को फिर से चौथा गेट खोल दिया है। 3 गेट पहले ही खुले हुए थे। अब पानी की आवक बढ़ने से चारों गेट ( गेट नंबर 8, 9, 10 और 11 ) से पानी निकासी भी बढ़ा दी है।

गेट नंबर 9, 10 और 11 को गुरूवार शाम को एक-एक मीटर के बजाय दो-दो मीटर खोलकर पानी निकासी की जा रही है। वहीं चौथे गेट नंबर 8 को शुक्रवार सुबह 2 मीटर खोलकर पानी निकासी की जा रही है। अभी सभी गेटों से प्रति सेकंड 48 हजार 80 क्यूसेक पानी की निकासी बनास नदी में की जा रही है। यानि प्रति गेट से प्रति सेकंड 12020 क्यूसेक पानी की निकासी बनास नदी में की जा रही है। इससे बनास का जल स्तर एक बार फिर बढ़ गया है।

बीसलपुर बांध परियोजना के एक्सईएन मनीष बंसल ने बताया कि पानी की आवक गुरुवार शाम से ही बढ़ रही है। आगे भी पानी की आवक के हिसाब से बांध के गेटों को कम-ज्यादा खोला जा सकता है। गेटों की संख्या भी कम ज्यादा की जा सकेगी।

बता दे कि 24 जुलाई को बीसलपुर बांध फुल भरने पर शाम 4.55 बजे इसका एक गेट 10 नंबर को एक मीटर खोलकर प्रति सेकंड 6010 क्यूसेक पानी



की निकासी की थी। फिर बांध में पानी की आवक बढ़ने से 27 जुलाई सुबह करीब 7 बजे बांध का दूसरा गेट नंबर 11 को एक मीटर खोला गया। उस समय गेट नंबर दस को 2 मीटर खोल रखा था।

फिर बांध में पानी की आवक बढ़ने से उसी रात करीब 8 बजे दो गेट नंबर 9 और 12 को दो - दो मीटर खोल कर पानी निकासी बढ़ाई गई। उस समय सभी चारों गेटों से प्रति सेकंड 48 हजार 80 क्यूसेक पानी बनास बनास नदी में छोड़ा जा रहा था। इस दौरान बांध में पानी की आवक फिर बढ़ने से एक घंटे बाद ही रात करीब 9 बजे बांध के दो गेट नंबर 8 और 13 को एक- एक मीटर खोलकर फिर पानी निकासी बढ़ाई गई। उस समय इन सभी 6 गेटों से इस सीजन के अभी तक में सबसे ज्यादा प्रति सेकंड 72 हजार 120 क्यूसेक पानी की निकासी बांध में से बनास नदी में की गई ।

### बारिश का दौर धीमा पड़ा

**इधर जिले में शुक्रवार से बारिश का दौर धीमा पड़ गया है। लेकिन अभी भी निवाई की श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलोनी समेत अन्य कई जगह पानी निकासी सुचारु नहीं होने से मकान पानी से घिरे हुए है। जिले में 3 दिन बाद बारिश का दौर कम पड़ गया है। बीते 24 घंटे में शुक्रवार सुबह 8 बजे तक जिले में औसत 14 एमएम बारिश हुई है। इसमें सबसे ज्यादा टोरडी सागर में 60 एमएम बारिश हुई है। इसी के साथ जिले में इस सीजन में 784.67 एमएम बारिश हो गई है। जिले में अब तक 119.81 प्रतिशत बारिश जो चुकी है। एक बांध को छोड़कर सभी बांध भर गए है।**

# अनियमितता पाए जाने पर चार उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में यूरिया उर्वरक के संदिग्ध विक्रय एवं वितरण में अनियमितता सामने आने पर कृषि विभाग ने सख्त कार्यवाही करते हुए चार उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक प्राधिकृत विक्रय लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत की गई है। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) राकेश कुमार अटल ने बताया कि इंटीग्रेटेड फर्टिलाइज़र मैनेजमेंट सिस्टम (आईएफएमएस) के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट (अप्रैल से जून 2025 की अवधि) के अनुसार, जिले में ऐसे कृषक चिन्हित किए गए जिन्होंने निर्धारित सीमा (20 बैग) से अधिक यूरिया की खरीद दर्शाई थी। इन प्रकरणों में भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें कई मामलों में विक्रय की वास्तविकता संदिग्ध पाई गई। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मैसर्स श्री एसोसिएट वैद्य जी का कटला पुरानी ट्रक यूनियन बजरिया सवाई माधोपुर, देवमोहन एंड ब्रदर्स टोंक रोड़ बजरिया सवाई माधोपुर, मैसर्स मंगल खाद भण्डार गंगवाड़ा बौंली एवं मेसर्स मिनेश खाद बीज भण्डार मेगा हाईवे मलारना चौड़ द्वारा कृषकों को आवश्यकता से अधिक मात्रा में यूरिया विक्रय किया गया।

# कक्षा 5वीं व 8वीं पूरक परीक्षाएं 4 अगस्त से, जिले में 7 परीक्षा केंद्र स्थापित

## प्रवेश पत्र 1 अगस्त से संबंधित परीक्षा केंद्रों से किए जाएंगे वितरित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8वीं) एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5वीं) वर्ष 2025 की पूरक परीक्षाएं 4 से 11 अगस्त, 2025 तक प्रातः 8 बजे से 10:30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 8वीं परीक्षा 4 अगस्त को अंग्रेजी, 5 अगस्त को हिन्दी, 6 अगस्त को विज्ञान, 7 अगस्त को गणित, 8 अगस्त को सामाजिक विज्ञान एवं 11 अगस्त को तृतीय भाषा संस्कृत, उर्दू, गुजराती, सिन्धी, पंजाबी, संस्कृतम् विषय तथा कक्षा 5 की परीक्षा 4 अगस्त को अंग्रेजी, 5 अगस्त को हिन्दी, 6 अगस्त को पर्यावरा अध्ययन, 7 अगस्त को गणित एवं 8 अगस्त को विशेष विषय (संस्कृत, उर्दू, सिन्धी) आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि जिले में कुल 7 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें पीएमश्री राउमावि पिपलाई (बामनवास), राउमावि बौंली, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मलारना डूंगर, राउमावि चौथ का बरवाड़ा, राबाउमावि गंगापुर सिटी, राउमावि खंडार एवं राउमावि मानटाउन (सवाई माधोपुर) शामिल हैं। संबंधित विद्यालय पूरक परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र परीक्षा केन्द्रों से प्राप्त कर विद्यार्थियों को वितरित कर संबंधित विषय में परीक्षा दिलवाना सुनिश्चित करें।

# डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय विधि संकाय छात्रों ने गांव मूंडिया में किया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत मूंडिया में डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय विधि संकाय छात्रों द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रो. डॉ सुनील कुमार के मार्ग दर्शन व डीन एकेडमिक प्रो. डॉ जयप्रकाश दुबे के दिशा निर्देश में डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय के विधि संकाय के बीए एलएलबी, एलएलबी के विभिन्न सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक व विधिक विषयों की जानकारी ग्रामीणों के मध्य साझा की गई। विधि विभागाध्यक्ष डॉ सन्तोष शर्मा के नेतृत्व में छात्र हेमराज शर्मा द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, शिवानी गुर्जर द्वारा नारी सशक्तिकरण, आर्यव शर्मा द्वारा नारी अधिकार, सहायक प्रवक्ता अभिषेक नारायण द्वारा साइबर फ्रॉड पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम संचालन विधि संकाय सहायक प्रवक्ता भरत शर्मा ने किया। कार्यक्रम प्रबन्धन अस्मिता भारद्वाज, डॉ दामिनी सक्सेना, सुरभि दुबला व दिनेश बैरवा ने किया। इस अवसर पर घनश्याम, राधेश्याम, रामनारायण, डालूराम, कुलदीप, अनिता, हंसराज जैन व बाबूलाल बहकवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में आमजन तक तत्काल सहायता पहुंचे-कल्पना अग्रवाल

## अधिकारी राहत एवं बचाव कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते अधिकारी प्रो-एक्टिव रहे। प्रभावित क्षेत्रों में आमजन तक तत्काल सहायता पहुंचे। साथ ही, राहत व बचाव कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें। जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में आपदा राहत प्रबंधन की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, एडीएम रामरतन सौंकरिया, एडीएम (मालपुरा) विनोद कुमार मीणा, सभी उपखंडों के एसडीओ, तहसीलदार, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा एवं आईसीडीएस के अधिकारी मौजूद रहे।



जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जर्जर एवं क्षतिग्रस्त राजकीय भवनों एवं संपत्ति (विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी, सड़क, पुलिया) का सर्वे कराकर शीघ्र प्रस्ताव भिजवाएं जाएं। जो राजकीय भवन पूरी तरह से जीर्ण-शीर्ण और असुरक्षित है, उनमें बच्चों को नहीं बैठाया जाएं। साथ ही, सोमवार तक उन्हें बंद कर बच्चों के पढ़ने के लिए सुरक्षित स्थान का चयन करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि जो भवन मरम्मत योग्य है, उनके प्रस्ताव एसडीआरएफ नोर्म्स के अनुसार उपखंड स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ बुधवार तक कलेक्ट्रेट कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में बारिश से हुई जन एवं पशु हानि, घरों में हुए नुकसान के आर्थिक सहायता के प्रस्ताव तैयार कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में भिजवाएं, ताकि पीड़ित को राहत दी जा सके। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी राज्य सरकार के निर्देशानुसार गिरदावरी का कार्य शुरू कर समयबद्ध सीमा में पूरा करें।

जिला कलेक्टर ने बारिश से प्रभावित आमजन और पशुधन को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि जल भराव क्षेत्रों से पानी निकासी के उचित प्रबंधन सुनिश्चित किये जाएं।

उन्होंने एसडीओ को जिले में दुर्घटना संभावित स्थानों एवं पिकनिक स्पॉट पर सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए।

# किसानों को जबरदस्ती से खाद के साथ दे रहे है नैनो यूरिया

## किसानों को वापस लौटाए करीब 1 लाख 50 हजार रूपए के नैनो यूरिया के पैसे




बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** किसान क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा किसानों को जबरदस्ती खाद के साथ नैनो यूरिया दिया जा रहा है। जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया दिया जा रहा था। जिसको लेकर किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने किसानों को नैनो यूरिया के लाखों रुपए वापिस दिलवाएं। उन्होंने बताया कि इस भारी बारिश में भी किसान डीएपी के कट्टों को लेने के लिए लाइनों में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति के कर्मचारियों द्वारा किसानों को 1 हजार 200 रूपए में 5 बैग डीएपी के साथ 2 नैनो यूरिया की बोतलें जबरदस्ती से दी जा रही हैं। किसान मंगलराम ने बताया कि नैनो यूरिया किसानों के काम में नहीं आती हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की नैनो यूरिया कोई काम में नहीं आई है। महापंचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी ने बताया कि किसानों को करीब 1 लाख 50 हजार रूपए के नैनो यूरिया के पैसे वापस दिलवाए गए है। इस अवसर पर किसान कमल यादव, बसराम गुर्जर व कैलाश यादव सहित कई किसान मौजूद थे।

# रोडवेज बस के सामने अचानक आया गाय का बछड़ा बस असंतुलित होकर पलटी ,7 यात्री घायल, 5 टोंक रैफर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव पहाड़ी के समीप गुरूवार की रात एक रोडवेज बस के सामने अचानक गाय का बछडा आने से बस असंतुलित होकर पलट गई। जिससे करीब 7 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही सनातन धर्म रक्षा मंच सदस्य मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बरौनी पुलिस ने सभी घायलों को उप जिला चिकित्सलय निवाई पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसआई नूर मोहम्मद ने बताया कि बस जयपुर से टोंक की ओर जा रही थी। जिसमें करीब 25 से 30 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि बस दुर्घटना में ज्योति मीणा पुत्री बलराम मीणा निवासी छाण, फिरोज पुत्र नने खान निवासी टोंक, राजेश पुत्र विष्णु शर्मा निवासी अन्नपूर्णा टोंक, साजिदा खान पत्नी मोहम्मद शाकिर निवासी गुलजार बाग टोंक,



बुधराम जाट पुत्र रामनारायण जाट निवासी बरौनी, संपत देवी पत्नी बुधराम जाट निवासी जौंला, पुष्पा देवी पत्नी जगदीश मीणा निवासी छाण घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायल पुष्पा, फिरोज, राजेश, बुधराम व ज्योति को जिला अस्पताल टोंक रैफर कर दिया। बस में सवार पुलिस के जवान गजेंद्र प्रताप सिंह के भी मामूली चोट आई है। मौके पर सनातन धर्म रक्षा मंच के सदस्य मायाराम, सरपंच ओमप्रकाश वर्मा, राजेश जांगिड़, लोकेश गौतम, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, जयपुर नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, मोहित चंवरिया व संजय सिरस ने घटना स्थल पर पहुंचकर यात्रियों की मदद की।

निवाई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव पहाड़ी के समीप असंतुलित होकर पलटी हुई रोडवेज की बस।

# बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व का आयोजन 5 अगस्त को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार, 5 अगस्त 2025 को बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में कृषि ऑडिटोरियम टोंक में 5 अगस्त को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम का प्रसारण एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं से वीसी के माध्यम से संवाद कार्यक्रम होगा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी एसीईओ होंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियां महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक द्वारा संपादित की जाएगी।

# भोजन, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था के लिए विशेष टीमें तैनात, कंट्रोल रूम स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** हाल ही में सवाई माधोपुर शहर में हुई भारी वर्षा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे आमजन के दैनिक जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। जिला कलेक्टर काना राम के निर्देशानुसार नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा प्रभावित नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराने शहर की कई कॉलोनियों—जैसे अंसारी मोहल्ला, मिर्जा मोहल्ला, ब्रह्मपुरी, कुम्हार मोहल्ला, रैगर मोहल्ला एवं गुरुद्वारे के पास—में जलभराव के चलते आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए नगर परिषद द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में प्रातः एवं सायं काल जल टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसके साथ ही, शुक्रवार को नगर परिषद की टीम एवं पार्षदों के सहयोग से उक्त क्षेत्रों में लगभग 1000 भोजन पैकेटों का वितरण किया गया। सभी प्रभावित बस्तियों में सफाई व्यवस्था के लिए सफाईकर्मियों की विशेष टीम लगाई गई है, जो लगातार सफाई कार्य में जुटी हुई है। नगर परिषद द्वारा यह राहत



कार्य आगामी दिनों में भी सतत रूप से जारी रखा जाएगा। साथ ही, आयुक्त महोदय ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को राहत से संबंधित सहायता की आवश्यकता हो, तो वह नगर परिषद के कंट्रोल रूम पर संपर्क करें। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07462-220515 है।

नगर परिषद सभी प्रभावित नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जिला परिषद सीईओ बुड़ानिया ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने गुरुवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से संबंधित सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, एवं नरेगा के कनिष्ठ तकनीकी सहायकों की ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ में उनकी संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की सीईओ बुड़ानिया ने योजना अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को शीघ्र प्राथमिकता से पूर्ण करने एवं समय पर उनके यूसी,सीसी भेजकर समायोजन कराने के निर्देश दिए! बैठक में सीईओ ने कहा कि धीमी प्रगति वाले अधिकारियों को जल्द नोटिस जारी करने के निर्देश दिए!

## श्रीराम जल सेतू लिंक परियोजना

# बनास नदी पर प्रस्तावित डूंगरी बांध : करौली, सवाई माधोपुर और धौलपुर जिलों के 76 गांवों के लिए एक बड़ा मुद्दा बना



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर ( राकेश शर्मा )।** करौली-धौलपुर के सांसद भजनलाल जाटव ने संसद में डूंगरी बांध के मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। साथ ही नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात कर बांध को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। सांसद ने इस मामले को लेकर संसद में कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर में सरकार डूंगरी बांध बनाने का काम करने जा रही है। वहां पर तकरीबन 76 गांव हैं और इन 76 गांवों में पूर्वजों की संस्कृति उनके मकान, प्राचीन मंदिर बने हुए हैं। सरकार ने बगैर सहमति लिए हुए, सरकार डूंगरी बांध बनाने का काम किया जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को कोई फायदा नहीं है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि डूंगरी बांध को निरस्त कर आम जनता को लाभ देना का काम करें।

### ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

गौरतलब है कि डूंगरी बांध के विरोध में करौली, सवाई माधोपुर, और धौलपुर के 76 गांवों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर कई महापंचायतें और प्रदर्शन आयोजित कर रहे है। 6 जुलाई को डूंगरी गांव, 22 जून को भूरीपहाड़ी, और 13 जुलाई को सपोटरा में जिला स्तरीय महापंचायतें आयोजित की गईं। 27 जुलाई को मकसूदनपुरा-चौहानपुरा में देवनारायण मंदिर के पास एक विशाल महापंचायत में हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि बांध से उनकी उपजाऊ कृषि भूमि, प्राकृतिक जल स्रोत, और सांस्कृतिक धरोहर नष्ट हो जाएगी। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व और कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य का 22-37 वर्ग किलोमीटर हिस्सा भी डूब क्षेत्र में आ सकता है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान होगा। पहले चरण में 76 गांवों के लगभग 50,000 दलित, आदिवासी और किसान परिवारों के विस्थापन का खतरा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी सात पीढ़ियों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर नष्ट हो जाएगी।

# जहाँ से नगर पालिका की शुरुआत,वहीं ख़राब हालात : दायमा

## फिलहाल मुहर्रम डलवा कर और पानी निकलवा कर रास्तों को चालू करवा दिया जाएगा। जैसे ही बजट आ जाएगा स्थाई समाधान करवा दिया जाएगा : यादव

### पानी भराव के चलते ग्रामीणों ने अधिशाषी अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार चन्द्रसिंह मीणा को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या-01व 02में पानी के भराव के चलते युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। और नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव के नाम नायब तहसीलदार चन्द्रसिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा।युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा ने बताया कि बानसूर को नगर पालिका बने 5साल हो गए और जहाँ से नगर पालिका का शुभारम्भ होता है वही दोनों वार्ड विकास के मामले में 5साल पीछे चले गए हैं। दायमा ने बताया कि नगर पालिका के वार्ड संख्या-01व 02में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। रास्तों में पानी का भराव हो रहा है, आमजन को आने जाने में असुविधा हो रही है। रास्तों में जगह-जगह गड्डे बने हुए हैं, जिनमें गन्दा पानी और कीचड़ भरा हुआ है। गुरुवार को एक आदमी का पैर भी फेक्कर हो गया जो जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती है।उन्होंने बताया कि दोनों वार्डो में रोड़ लाईट का अभाव है!मच्छर जनित बीमारियां बढ़ रही हैं। नगर पालिका प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा। ग्रामीणों की मांग है कि पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण हो रास्तों का दुरुस्तीकरण हो जिससे रास्तों में पानी का जमाव ना हो।दोनों वार्डो में रोड़लाईट की व्यवस्था हो समय पर सफाई हो।

वहीं नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने दूरभाष पर बताया कि पानी की निकासी करवादी गईं है और मुहर्रम डलवाकर रास्ते को चालू करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बजट आने के बाद स्थाई समाधान करवा दिया जाएगा।इस मौके पर वार्डवासी देशराज, सीताराम गुर्जर, सतबीर रावत व युवा कांग्रेस नेता गोरधन सैनी ने भी अपनी बात रखी।

इस अवसर पर शीशराम रावत,सीताराम गुर्जर, सतबीर रावत, देशराज रावत, जयसिंह, दिनेश गुर्जर, अनूप, मोनू, विक्रम, नवीन, संजय, राजू, अशोक, ओमा, शिम्बू, कैलाश, प्रहलाद, कालू माजरा, राजू, योगेश माजरा, दिनेश दौराता, सुन्दरलाल, बिक्की, योगेन्द्र, महेन्द्र, पूर्ण, प्रदीप अवाना, भागाराम, जगदीश, नत्थू, जीवनराम, विक्रम, राजपाल सैन, प्रकाशचन्द, नरेन्द्र, हजारीलाल, संदीप, जगदीश, सीताराम रावत, गोरधन सैनी, कृष्ण, सुमेर, कमला, कविता, सजना, रीना, मनोहरी, बोथी, सावित्री, कोयली, मल्ली, उर्मिला, सनीता, बिमला, अनीता, प्रेम सहित ग्रामीण और महिलाएं मौजूद रहे।

## डंपिंग यार्ड के विरोध में सरिस्का से विस्थापित परिवारों ने उपखंड कार्यालय पर किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** तिजारा के निकटवर्ती फुल्लाबास गांव में डंपिंग यार्ड के विरोध में विस्थापित परिवारों ने सरपंच रतन लाल के नेतृत्व में, सरिस्का विस्थापितों ने उपखंड अधिकारी संजीव वर्मा को ज्ञापन सौंपा और मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन मंत्री राजस्थान सरकार संजय शर्मा और विधायक बाबा बालक नाथ से डंपिंग यार्ड के निर्माण को रोकने की मांग की। विस्थापितों ने मांग की विस्थापित परिवारों ने बताया कि राज्य सरकार ने चौरासी बीघा जमीन डंपिंग यार्ड के लिए प्रस्तावित की है, जो ग्राम फुल्लाबास में स्थित है। विस्थापितों ने कहा कि डंपिंग यार्ड प्रस्तावित भूमि विस्थापित परिवारों से लगती हुई है, विस्थापितों को विश्वास में लिए बग़ैर प्रस्ताव बनाकर तहसीलदार द्वारा भेजा गया है। विस्थापितों ने कहा और अगर डंपिंग यार्ड यहाँ बना तो वे आवंटित जगह को छोड़कर वापिस सरिस्का लौटेंगे। विस्थापितों ने कहा की डंपिंग यार्ड के निर्माण से विस्थापित परिवारों को कई नुक़सान होंगे । पर्यावरण प्रदूषण डंपिंग यार्ड के निर्माण से वायु, जल और मृदा प्रदूषण बढ़ेगा, जिससे विस्थापित परिवारों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा की डंपिंग यार्ड के निर्माण से विस्थापित परिवारों की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि उनकी जमीन और संपत्ति का मूल्य कम हो जाएगा।

ओर कहा की डंपिंग यार्ड के निर्माण से विस्थापित परिवारों को सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जैसे कि उनकी सामाजिक स्थिति खराब हो जाएगी और वे अपने समुदाय से अलग हो जाएंगे।

विस्थापित परिवारों ने संकल्प लिया है कि वे डंपिंग यार्ड के निर्माण का विरोध करेंगे और अपनी मांगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करेंगे। अगर सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वे आंदोलन करेंगे और अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों मे में अजीत कुमार, बाबूलाल, मुखराम, राम कुमार, पप्पू, मान सिंह, झब्बू, पप्पू राम, सुंदर चौधरी, ज्ञान चौधरी, पप्पू नाथ, नागेश, बाबूलाल गुर्जर, राम कुमार आदि सैकड़ों विस्थापित परिवार शामिल थे।

## माँ की पुण्यतिथि पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सौ पौधे दान किए



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, घीलोट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत समाज सेवी स्व श्रीमती किस्तूरी देवी गुप्ता, धर्मपत्नी स्व लाला काशी राम गुप्ता, स्वतंत्रता सेनानी कर्मयोगी ,पूर्व सांसद अलवर एवं संस्थापक,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घीलोठ, की '43वीं पुण्य तिथि पर काशी. किस्तूरी परिवार एवं नारायण . शांति परिवार के सदस्यों की ओर से सुश्री रेणु गुप्ताए ;सुपुत्री स्व श्रीमती शांति देवी एवं स्व श्री नारायण दत्त गुप्ता, एवं दोहिती स्व श्रीमती किस्तूरी देवी एवं लाला काशी राम जी गुप्ता द्वारा दान किये गये फलदार तथा अन्य पौधों का पौधारोपण,प्राचार्य,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री कालू राम सिरोहिवाल एवं अन्य स्टाफ द्वारा किया गया। कालू राम ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 100 पौधे लगाए गए और अभी इसी सीजन में करीब पचास पौधे और लगाए जाने का कार्यक्रम है।

## रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने किए फल व ड्राई फ्रूट्स वितरित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए दिनांक 31 जुलाई को रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने सरकारी गीतानंद शिशु चिकित्सालय में माताओं को बादामए किशमिशए मखानेए सेव और केले वितरित किए। रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने बताया कि यह पहल मातृ व शिशु स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित हैए जो रोटरी इंटरनेशनल के सामुदायिक कल्याण के लक्ष्य के अनुरूप है। प्रोटीन समर्थन प्रदान करने से सुरक्षित मातृत्व और शिशु के स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा । सर्विस प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुनील गुप्ता ने बताया की रोटरी की यह पहल माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए समर्पित है व रोटरी क्लब अलवर हर माह इसी तरह माताओं को पोषण के लिए फल व ड्राई फ्रूट वितरित करेगा । सचिव ऋषि मित्तल ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र खुराना,आगामी अध्यक्ष नीलू जैन, विकास गुप्ता, प्रवीण खंडेलवाल, डॉ भूपेंद्र गुप्ता, कविता खंडेलवाल, बबीता अग्रवाल व अनु मित्तल उपस्थित रहे ।

# मानस मनुष्यता की आचार संहिता है- स्वामी गंगादास वेदांती महाराज

### तुलसी विचार मंच ने समारोह पूर्वक मनाई तुलसी जयंती

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए व जीवन की हर समस्या के समाधान हेतु तुलसी की मानस रामबाण उपाय है । मानस मनुष्यता की आचार संहिता है। उक्त विचार तुलसी विचार मंच के तत्वावधान में नया बास स्थित एक शैक्षिक संस्थान के सभागार में आयोजित तुलसी जयंती के अवसर पर अयोध्या धाम आश्रम के महंत स्वामी गंगादास वेदांती जी ने अपने आशीर्वचनों में व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप वरिष्ठ साहित्यकार बलवीर सिंह करुण व डॉ. जे सी नारायणन ने रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उपस्थित श्रोताओं को जीवन में मानस के महत्व को समझाया तथा पं0 धर्मवीर शर्मा ने सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य जनों का अभिनंदन करते हुए तुलसी साहित्य पर चर्चा की व तुलसी के जीवन पर प्रकाश डाला ।

इस अवसर पर डॉ. शकुंतला तिवारी भी मंच पर अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं तथा विगत अनेक वर्षों से रामचरित मानस के नियमित गायन करने वाले घनश्याम सैनी का स्मृति चिन्ह भेंट कर व पटका पहना कर सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर मंचस्थ अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन ए पुष्पांजलि व तिलक लगाकर किया । इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रारंभ में अलवर के शास्त्रीय गायक महेश खेड़ापति ने तुलसी रचित पद का गायन व समारोह के समापन अवसर पर नवीन, जतिन,साहिल ने हनुमान चालीसा का संगीतमय सरस पाठ किया । कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ कवि रामचरण राग ने किया तथा तुलसी विचार मंच के संयोजक कुलदीप शर्मा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया ।

इस अवसर पर अलवर के राजदीप परिवार, वैदिक ब्राह्मण संघ, परशुराम कला मंदिर,सृजक संस्थान, चाणक्य परिवार, राष्ट्रीय कवि संगम, अखिल भारतीय साहित्य परिषद व सीलीसेढ़ मित्र मंडली आदि संस्थानों के विश्वम्भर दयाल वशिष्ठ ए डॉ. गोपाल शास्त्री, मोहित पंडित, मंहत धर्मेन्द्र शर्मा, योगेश वशिष्ठ, विजय सारस्वत, अशोक उपाध्याय, गिरीश गुप्ता, राम लाल यादव, विजय भारद्वाज, गोकुल राम शर्मा दिवाकर,अमरीक सिंह अदब, रचना आसोपा, मनीष गुप्ता, पी. के. शर्मा, कपिल शर्मा, मधु यादव,बृज मोहन पाठक,अशोक आहूज, ओपी.शर्मा, प्रमोद विजय ,अरविन्द शास्त्री, अनुरिता झा , डॉ.भगवान सहाय शर्मा, महेश, क्षितिज माथुर, विवेकानंद गुरु, श्रवण सिंह, विनय चावल मौजूद रहे।

## लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 1 साल से फरार चल रहे 4 ईनामी आरोपी बापर्दा गिरफ्तार




बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** राजगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के चार ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि परिवादी ने 13 अगस्त 2024 को मामला दर्ज कराया कि 12 अगस्त 2024 को बदमाशों ने मेरा कार सहित अपहरण करके हाथ का ब्रासलेट को लूट लिया और परिवादी के खाते से 31 हजार रूपये फोन पे में डलवा लिये तथा परिवादी की पत्नी के मोबाइल पर फोन कर 20 हजार रूपये की मांग की तथा परिवादी की पत्नी को उसकी एवज में जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने परिवादी से उसका मोबाइल भी छिन कर उसको कलसाड़ा में पटककर फरार हो गये। थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ प्रियंका रघुवंशी के सुपरविजन में तथा पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना के निर्देशन में राजगढ़ थाना पुलिस की टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं आसूचना संकलित कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक साल से फरार 5-5 हजार के 4 ईनामी अपराधियों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

## निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रातः गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर 03 महीने का निश्शुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें गायत्री परिवार ट्रस्ट की मु.प्र.ट्रस्टी डॉ.सरोज गुप्ता जी, स्वावलंबन प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती ज्ञान देवी शर्मा, सिलाई मास्टर श्रीमती ललिता शर्मा एवं वरिष्ठ परिजनों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वावलंबन प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती ज्ञान देवी शर्मा जी ने बताया कि अप्रैल से जून तक दिए गये निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण का विधिवत समापन हुआ। जिसमें गायत्री परिवार ट्रस्ट की मु.प्र.ट्रस्टी डॉ सरोज गुप्ता जी ने 20 महिलाओं को सर्टिफिकेट व देवस्थापना तस्वीर प्रदान की। साथ ही साथ कोर्स के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 4 महिलाओं को अलग से उपहार भी प्रदान किये गए।

सिलाई प्रशिक्षण की मास्टर रही श्रीमती ललिता शर्मा ने सभी प्रशिक्षित महिलाओं से कहा कि सीखे गए ज्ञान को अभ्यास के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र मैं काम लेकर सभी को अपने परिवार को ऊँचा उठाने का काम करना चाहिए। वहीं डॉ सरोज गुप्ता जी ने महिलाओं को बताया कि आप अपने काम में बेस्ट करें। तथा भविष्य में गायत्री परिवार के द्वारा सिखाई गई विभिन्न नैतिक बातों को अपने जीवन में उतारें व दूसरे लोगों को भी प्रेरित करने का काम करें। शुक्रवार से ही नए प्रशिक्षण बैच का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें 30 नई महिलाओं ने प्रवेश लिया है। वो भी कार्यक्रम में शामिल थी।

## राजपुर बड़ा गांव में पैंथर का हमला, दो ऊंट के बच्चों को बनाया शिकार



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** पंचायत समिति के समीपवर्ती राजपुर बड़ा गांव में शुक्रवार तड़के सुबह एक पैंथर ने हमला कर ऊंट के बाड़े में घुसकर दो बच्चों को मार डाला। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। ऊंट पालक रामकिशन रैबारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे राजपुर बड़ा गांव के रैबारी मौहल्ले में गोगाजी मंदिर के पीछे ऊंटों के बाड़े में घुसकर पैंथर ने ऊंटों पर हमला कर दिया। जिससे ऊंट के दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सुबह जब वह सो रहा था तो अचानक ऊंटों में भगदड़ की आवाज सुनी। एक पैंथर बाड़े में घुसकर दो ऊंट के बच्चों को मौत के घाट उतार चुका था। उन्होंने शोर मचाकर पैंथर को भगाने की कोशिश की, लेकिन वह तब तक नहीं भागा जब तक मोहल्ले के अन्य लोग वहां नहीं पहुंच गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर सूचना पर नाका कुंडला रेंज, राजगढ़ से फॉरेस्ट गार्ड लोकेश चौधरी, राजेश सैन और प्रसादी लाल गुर्जर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से अकेले रात में नहीं निकलने तथा सर्तक रहने की अपील की। ग्रामीणों ने वन कर्मियों से जल्द से जल्द पैंथर को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगातार पैंथर आकर पशुओं का शिकार कर रहे हैं। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि रामावतार शर्मा, राष्ट्रीय पशु संघ के उपाध्यक्ष सुरेश रैबारी, रामकिशन रैबारी, लीलूराम रैबारी, रामस्वरूप रैबारी, धर्मू रैबारी, सूरज रैबारी, दलवीर रैबारी, पप्पू रैबारी, मनीष, गोलू, बाबूलाल रैबारी, सुबेदार सिंह, मोनू, अमरसिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## उपखण्ड स्तरीय स्वाधीनता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक 4अगस्त को

बानसूर( धीरज मौर्य ) । उपखण्ड स्तरीय स्वाधीनता दिवस 15अगस्त 2025के गरिमापूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन की तैयारियों को लेकर 4अगस्त 2025को उपखण्ड कार्यालय पर बैठक का आयोजन होगा। उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि स्वाधीनता दिवस गरिमापूर्ण और व्यवस्थित तरीके से मनाया जाए इसको लेकर 4अगस्त को बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में उपखण्ड स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, सेठ चंटूलाल धन्नालाल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बानसूर के प्रधानाचार्य, अध्यक्ष निजी शिक्षण संस्थान बानसूर, अध्यक्ष कोचिंग संस्थान बानसूर, अध्यक्ष व्यापार मण्डल बानसूर एवं सचिव युवा जागृति संस्थान को आमंत्रित किया गया है। हरित ने बताया कि प्रस्तावित बैठक4अगस्त सोमवार को प्रातः 10बजे होगी।

# जिला कलेक्टर के आदेश की पालना में नगर पालिका सावचेत

## उपखण्ड और नगर पालिका प्रशासन ने लोगों को रैनबसेरे में रहने व खाने की व्यवस्था की



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिला कलेक्टर एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी के आदेश की पालना में उपखण्ड और नगर पालिका प्रशासन सावचेत हो गया है। मौसम विभाग के पूर्वनुमान के चलते जिला कलेक्टर ने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जिला क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा में आदेश जारी किया था। जिसकी पालना में उपखंड अधिकारी अनुराग हरित एवं नगर पालिका बानसूर के अधिशासी अधिकारी विशाल यादव के द्वारा भविष्य में हो सकने वाली आपात स्थिति के संबंध में घड़िया जोहड़ क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।क्योंकि घड़िया जोहड़ के पास कच्ची बस्ती बसी हुई है। बस्ती के लोगों को ज्यान माल का खतरा न हो इसके लिए दोनों अधिकारीयों ने घड़िया जोहड़ आबादी क्षेत्र में लोगों से मिले और अनाऊंसमेंट करवा लोगों से मिले। प्रशासन ने उपस्थित लोगों को नाले अवरुद्ध नहीं करने बाबत हिदायत भी दी गई और अवरोध खुलवाए भी गए। घड़िया जोहड़ के समीप आबाद परिवारों को पानी की वजह से परेशानी न हो समझाईस की गईं। दोनों अधिकारीयों ने लोगों को समझाया कि आप सभी लोग अपने परिवार के साथ रैन बसेरे में रुकें वहाँ आपके रहने व खाने पीने की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कर दी गईं है।उन्होंने लोगों को समझाया कि आप लोगों के लिए निःशुल्क खाने की व्यवस्था श्री अन्नपूर्णा रसोई में कर दी गईं है तथा रहने के लिए रामबाग के पीछे अटल सेवा केन्द्र पर कर दी गईं है। वहाँ आप सब लोगों के लिए चारपाई एवं बिस्तरों की व्यवस्था भी निःशुल्क की गईं है।

उन्होंने लोगों को समझाया कि घड़िया जोहड़ तक आने वाले नालों के बीच मोरियों को भी खुलवा दिया गया है।यह मोरिया खुली रहें इसके लिए नगरपालिका द्वारा राउंड डी क्लॉक कार्मिक लगाए गए हैं।

# स्तनपान माँ और शिशु दोनों के लिए रोगों से लड़ने मे वरदान की तरहः डॉ. संगीता सक्सेना

## देश मे स्तनपान के घटते आंकड़े चिंताजनक--डॉ गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शिशु के जन्म के पहले घंटे में माँ का दूध पिलाना बच्चे के जीवन के लिए एक अमूल्य वरदान है। यह न केवल शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि उसे शारीरिक व मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरपूर बनाता है। यह बात मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना ने शुक्रवार को रोटरी बिनानी सभागार में स्तनपान सप्ताह के शुभारंभ समारोह में कही। यह आयोजन बीपीएनआई और भारतीय शिशु अकादमी हाड़ौती सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. सी. बी. दास गुप्ता ने बताया कि परिवार द्वारा माँ को हर स्तर पर सपोर्ट करना होगा। एक सर्वे के अनुसार देश में शिशु जन्म के उपरांत छह महीनों तक स्तनपान करने वालो बच्चो की संख्या 64 फ़ीसदी है। छह माह बाद ऊपरी आहार लेने वाले बच्चो की संख्या 46 फ़ीसदी है और दो वर्ष तक सम्पूर्ण रूप से पोषण प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या 11.5 फ़ीसदी ही है, ज़ो आंकड़ा चिंताजनक है। स्तनपान करने वाली माताओं को हर स्तर पर समर्थन व सहयोग एवम सकारात्मक माहौल की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में डॉ. कमल वार्ष्णेय (अध्यक्ष, आईएपी), डॉ. अविनाश बंसल, डॉ. नवनीत बागला, रोटरी क्लब अध्यक्ष मनोज सोनी व सचिव नीरज अग्रवाल सहित कई गणमान्य अतिथि अपने भी विचार रखे। इसमें रोटरी क्लब कोटा, रोटरी पदमिनी व लायंस क्लब कोटा टेक्नो सहित कई संस्थाओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम के सह-संयोजक यज्ञदत्त हाड़ा, डॉ. एकात्म गुप्ता व समाजसेवी भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष स्तनपान सप्ताह की वैश्विक थीम स्तनपान को प्राथमिकता- स्थायी सहायता प्रणाली विकसित करें रखी गई है, जो इस दिशा में समाजिक सहयोग व निरंतर समर्थन की आवश्यकता को रेखांकित करती है। डॉ. सक्सेना ने कहा कि माँ का दूध सर्वोत्तम आहार है, जो हमेशा उपलब्ध रहता है। नवजात को पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्त्रम) पिलाना बेहद आवश्यक है, जो प्राकृतिक वैक्सीन की तरह कार्य करता है। साथ ही, दो वर्ष तक स्तनपान कराने से माँ को स्तन कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा भी बहुत कम हो जाता है।



### इन संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता रहेगी

बीपीएनआई कोटा चैप्टर,स्काउट एंड गाइड,रोटरी क्लब कोटा, रोटरी क्लब, मानव कल्याण समिति, लायंस क्लब कोटा टेक्नो, लायंस क्लब कोटा साउथ, रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन, रोटरी पद्मिनी भारतीय शिशु अकादमी, महिला स्वरोजगार संस्था, निर्मला बाल संस्था, ज्ञान द्वारा एजुकेशन सोसाइटी, हर्षिता सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी, परिवार सेवा संस्थान, श्रीमनन जागृति संस्कार।

# जिला कलक्टर ने किया केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट पीयूष समारिया शुक्रवार को केंद्रीय कारागृह पहुंचे। केंद्रीय कारागृह पहुंचने पर श्री समारिया को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिला कलक्टर ने केंद्रीय कारागृह में बंदियों की बैरकों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने बंदियों के लिए बने कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, पुस्तकालय, रसोई-घर का भी अवलोकन किया। उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन, उनको मिलने वाली मेडिकल सुविधाओं आदि के बारे में केंद्रीय कारागृह अधीक्षक राजेंद्र कुमार से जानकारी ली। कलक्टर ने बंदियों की सुरक्षा के संबंध में सतर्कता बरतने एवं जेल परिसर सहित रसाई-घर आदि की सफाई रखने के निर्देश दिए। केंद्रीय कारागृह अधीक्षक ने बंदियों के परिजनों से वार्ता एवं शिकायत दर्ज करने संबंधी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

# तरुण कुमार बने भारतीय किसान संघ के जिला संगठन मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** भारतीय किसान संघ जिला कोटा के संगठन मंत्री के पद पर तरुण कुमार को नियुक्त किया गया है। भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह ने कोटा बूंदी के प्रवास के दौरान यह घोषणा की।

इस दौरान भारतीय किसान संघ के संस्थापक सदस्य मोहनलाल नागर, राष्ट्रीय घुमंतू कार्य प्रमुख मणिलाल लबाणा, प्रदेश राजस्व मंत्री शिवराज पुरी, चित्तौड़गढ़ प्रांत संगठन मंत्री परमानंद, प्रांत महामंत्री अंबालाल शर्मा, महिला प्रमुख राममूर्ति मीणा, रजनी धाकड़, संतोष नागर, कोटा संभाग अध्यक्ष गिरिराज चौधरी, संभाग उपाध्यक्ष मोहनलाल नागर, कोटा जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा, बूंदी जिला अध्यक्ष संतोष दुबे, बाँरा जिला अध्यक्ष अमृतलाल, कोटा जिला मंत्री रूपनारायण यादव, कार्यालय मंत्री महावीर नागर, हेमराज नागर, बूंदी जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री चंद्रप्रकाश मीणा, चित्तौड़गढ़ जिला मंत्री लाभचंद, जिला उपाध्यक्ष भूरालाल धाकड़, संभाग सहमंत्री रमेश नागर, संभाग गौ सेवा प्रमुख प्रभु दयाल नागर, कोटा महानगर संरक्षक जमनालाल नागर, महानगर अध्यक्ष बृजराज नागर समेत हाडोती क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर की आमजन से अपील- स्वेच्छा से त्यागें खाद्य सुरक्षा का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राज्य सरकार द्वारा संचालित गिव-अप अभियान के तहत कोटा जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने अपात्र लाभार्थियों से स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्राप्त लाभ को त्यागने की अपील की है, ताकि वे वास्तविक पात्र व जरूरतमंद परिवार इस योजना से लाभान्वित हो सकें जो अभी तक इससे वंचित हैं।

जिला कलक्टर द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि सरकार की मंशा अपात्र लाभार्थियों पर कठोर कार्रवाई करने की नहीं है, बल्कि उन्हें स्वेच्छा से योजना से बाहर होने का अवसर देने की है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के पास चार पहिया वाहन या महंगे व्यावसायिक वाहन (जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख या उससे अधिक हो), बड़े पक्के मकान, एयर कंडीशनर, अत्यधिक बिजली बिल, बड़ी कृषि भूमि अथवा विरासत में प्राप्त संपत्ति है, वे इस खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र नहीं हैं।

इसके अलावा जिन परिवारों में कोई सदस्य सरकारी सेवा में है या निजी क्षेत्र में एक लाख रुपए से अधिक मासिक वेतन या पेंशन प्राप्त करता है, वे भी योजना से बाहर होने के योग्य हैं। इसी प्रकार वृद्धावस्था पेंशनधारी के राशन कार्ड में जुड़े ऐसे आर्थिक रूप से सक्षम सदस्य जो अनाधिकृत रूप से योजना का लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी इस सूची से नाम हटवाना चाहिए। खाद्य सुरक्षा सूची से स्वेच्छा से नाम हटवाने वाले लाभार्थी भविष्य में संभावित प्रशासनिक कार्रवाई जैसे गेहूं की वसूली आदि से बच सकेंगे। साथ ही, इससे उन सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को लाभ मिलेगा जो पात्र होते हुए अभी तक योजना के लाभ से वंचित हैं।

जिला कलक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए स्वेच्छा से अपने नाम हटवाकर जरूरतमंदों के लिए स्थान सुनिश्चित करें।

# पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन शनिवार को

## प्रधानमंत्री जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को वाराणसी में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी की जाएगी।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम बांसवाड़ा में पीएम किसान उत्सव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम बांसवाड़ा जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा होंगे। इस अवसर पर राजस्थान के लगभग 76 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 1600 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित होगी।

जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला प्रशासन कोटा के तत्वावधान में बोरखेड़ा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा के सभागार में आयोजित किया जाएगा। यहां वाराणसी में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम एवं बांसवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं किसान भाग लेंगे।

# जेके लोन चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ

## मां का पहला गाढ़ा दूध शिशु के लिए अमृत समानः सीएमएचओ

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( विनोद गौड़ )।** विश्व स्तनपान सप्ताह का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम शुक्रवार को जेके लोन चिकित्सालय नए भवन के सेमीनार कक्ष में जपाईगो के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर, डिप्टी सीएमएचओ प.क. डॉ गोविंद सिंघल, अस्पताल अधीक्षक डॉ निर्मला शर्मा, विभागाध्यक्ष शिशु एवं औषध डॉ अमृत लाल बैरवा, प्रधानाचार्य नर्सिंग कॉलेज डॉ सीपी मीणा, कन्वीनर डॉ सुनिता खण्डेलवाल तथा शिशु एवं ओबीजी विभाग के सभी फैकल्टी, नर्सिंग स्टाफ, रेजिडेंट्स, नर्सिंग स्टूडेंट्स व जपाईगो के प्रतिनिधी आदि मौजूद रहे। सभी ने स्तनपान जागरूकता बैनर का विमोचन किया। कार्यक्रम में शिशु स्तनपान महत्व पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने कहा कि इस वर्ष यह सप्ताह 'स्तनपान में निवेश, स्वस्थ राष्ट्र का संदेश' थीम पर मना रहें है। उन्होने कहा कि मां का पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु के लिए अमृत समान है। यह प्रकृति का पहला टीका है जो शिशु को कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। जन्म के 1 घंटे के अंदर शिशु को स्तनपान अवश्य करावें। इसके लिए अधिक से अधिक जागरूकता फैलावें। अधीक्षक डॉ निर्मला शर्मा ने स्तनपान से शिशुओं को होने वाले अन्य लाभों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि स्तनपान से शिशु का समुचित विकास होता है तथा बौद्धिक स्तर में भी सुधार आता है। डॉ अमृत ला बैरवा ने कहा कि सिजेरियन ऑपरेशन द्वारा प्रसव के तुरंत बाद भी स्तनपान कराना अत्यंत आवश्यक है। डिप्टी सीएमएचओ प.क डॉ गोविंद सिंघल ने कहा कि जन्म के बाद से शिशु को 6 माह तक केवल स्तनपान कराएं, 6 माह के बाद पूरक आहार शुरू करें और 2 वर्षों तक स्तनपान जारी रखें।

उन्होनें बताया कि स्तनपान के महत्व को उजागर करने व शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लोन के उद्देश्य से स्तनपान के संरक्षण, प्रचार एवं समर्थन के लिए प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के प्रथम सप्ताह (1 से 7 अगस्त) को स्तनपान सप्ताह के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। उन्होनें बताया कि सप्ताह के दौरान स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए सक्षम वातावरण को बढ़ावा देने, बाल मृत्यु दर को कम करने, पोषण में सुधार व शिशुओं के विकास का बढ़ाने में स्तनपान की भूमिका पर जोर दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश स्तर पर नगर निगम कोटा दक्षिण रहा प्रथम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** राजस्थान सरकार द्वारा जरूरतमंद श्रमिको को आर्थिक सम्बल प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री स्वविधि योजना लागू की गयी है। जिसमें पात्र श्रमिको को तीन किस्तों में क्रमशः 10,000, 20,000 एवं 50,000 का ऋण बैंक द्वारा दिया जाना है। इस बाबत सरकार द्वारा प्रदेश ने सभी नगर निकायों को लक्ष्य आवंटित किए गये थे जिसमे नगर निगम कोटा दक्षिण को 1560 व्यक्तियों का आवेदन करवाने का निर्धारित किया गया था।

इस लक्ष्य के विरूद्ध निगम दक्षिण द्वारा 2168 पात्र व्यक्तियों का आवेदन कराया गया। निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग राजस्थान जयपुर में की गयी समिक्षा विवरण के अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण इस कार्य में प्रदेश स्तर पर प्रथम रहा है। जिसका टारगेट सफलता 138.97: रहा है जबकि सम्पूण प्रदेश स्तर का सफलता प्रतिशत 45.98: रहा है।

आयुक्त श्री अनुराग भार्गव के सफल मार्गदर्शन मे अनुभाग की टीम के प्रयास से यह मुकाम हासिल हुआ है।

# नगर निगम कोटा दक्षिण की अनूठी पहल, घर-घर जाकर बनाये जन्म प्रमाण पत्र



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** नगर निगम काटा दक्षिण क्षेत्र के रथकांकरा गांव के राजकीय विद्यालय में पढने वाले अधिकांश बच्चों का शिक्षा विभाग के यू-डाइस पोर्टल पर जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण नामांकन नहीं हो पा रहा था। घरों पर जन्म होने के कारण जानकारी के अभाव में उक्त बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र नहीं बने हुए थे। नगर निगम कोटा दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव ने प्रकरण संज्ञान में आने के बाद विशेष अभियान चलाकर ऐसे बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए राजकीय विद्यालय रथकांकरा में कैम्प आयोजित किया जा कर जन्म प्रमाण पत्र के लिए वांछित दस्तावेज लिए गये एवं कैम्प में जन्म प्रमाण पत्र संबंधित दस्तावेज जमा करवाने से वंछित रहे बच्चों के घर-घर जाकर दस्तावेज एकत्र कर 10 नं. फार्म की जरूरी कार्यवाही करते हुए जन्म प्रमाण पत्र बनाने की कार्यवाही की। इसी क्रम में नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा दिनांक 01.08.2025 (शुक्रवार) को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रथकांकरा में जन्म प्रमाण पत्र वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कोटा नगर निगम कोटा दक्षिण महापौर श्री राजीव अग्रवाल द्वारा 87 बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र वितरित किये गयें एवं ग्रामवासियों को अपने व बच्चों से संबंधित दस्तावेजों को समय पर बनवाये जाने के लिए प्रेरित किया। जन्म प्रमाण पत्र वितरण करने के पश्चात महापौर महोदय द्वारा विद्यालय एवं आस-पास के क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अनुराग भार्गव, उपायुक्त दयावती सैनी, अधीक्षण अभियंता महेशचन्द गोयल, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रूकमणी नागर, अध्यापिका स्नेहलता शर्मा, कमलेश मीणा, भारती हाड़ा, एसएमसी अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, समाजसेवी संदीप वार्ष्णेय, प्रहलाद, आंगनबाडी के कार्यकर्ता, ग्रामवासी एवं निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# अग्रवाल समाज सेवा संस्था कोटा के वर्ष 2025- 27 के चुनाव संपन्न

## सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष, महेंद्र गुप्ता महामंत्री बने



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अग्रवाल समाज सेवा संस्था के द्विवार्षिक चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुए। जिसमें सभी 21 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी दिनेश गोयल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर सुरेश अग्रवाल, महामंत्री पद पर महेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर महावीर मित्तल को निर्वाचित घोषित किया गया है। साथ ही, उपाध्यक्ष घनश्याम गुप्ता (संरक्षक) मनोहर लाल गुप्ता एवं गिरीश बंसल (आजीवन) उप महामंत्री पद पर प्रमोद कुमार बंसल संगठन मंत्री पद पर सुरेंद्र गोयल, प्रचार मंत्री पद पर प्रवीण अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री कांता प्रसाद बंसल, कार्यकारिणी सदस्य के पद पर राजेश गुप्ता, हरिलाल गुप्ता, अभिषेक मित्तल, मुकुंद मित्तल, नरेंद्र मित्तल, डॉ. नवीन मित्तल, कमल मित्तल, दीनदयाल बंसल, महेश मंगल, सुरेंद्र मोहन गोयल निर्वाचित हुए।

# चंबल नदी की डाउनस्ट्रीम में मिला अज्ञात युवक का शव



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** एंकर.चंबल नदी की डाउनस्ट्रीम में नंदा जी की बाड़ी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची गोताखोरों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर अज्ञात व्यक्ति के शव को बाहर निकाला और पुलिस को सुपर्द किया।

फिलहाल मृतक व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना के बाद गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू किया,, फिलहाल मृतक व्यक्ति के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं नया पुरा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# रिटायर होते ही थाना अधिकारी ने थामा बीजेपी का दामन

## रामगंजमंडी में मंत्री मदन दिलावर ने किया स्वागत दिलाया जनसेवा का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी मंडी ( प्रमोद राठौर )।** रामगंजमंडी में सुकेत थाना अधिकारी छोटूलाल गुरुवार दोपहर 12 बजे पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। रिटायरमेंट के कुछ ही मिनटों बाद उन्होंने राजनीति में नई पारी शुरू कर दी। रिटायर होने के बाद वे रामगंजमंडी पहुंचे और शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर से मिलकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री दिलावर ने छोटूलाल को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री दिलावर ने कहा कि एसएचओ रहते हुए छोटूलाल ने सुकेत क्षेत्र की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा। उन्होंने हर वर्ग के साथ सादगीपूर्ण व्यवहार किया और अपराधियों में कानून का डर बनाए रखा। यो आया मे भाजपा मे छोटूलाल ने अपने संबोधन में कहा कि वे लंबे समय तक पुलिस सेवा में रहे हैं। अब जनसेवा की भावना से राजनीति में आए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें पद या सम्मान की चाह नहीं है। वे भाजपा के माध्यम से आमजन के बीच रहकर सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मंत्री मदन दिलावर के मार्गदर्शन में उन्होंने सुकेत थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा। यही प्रेरणा उन्हें भाजपा की ओर आकर्षित कर लाई। वे भाजपा के माध्यम से आमजन के बीच रहकर सेवा करना चाहते हैं इतना ही नहीं छोटू लाल ने तो मंत्री मदन दिलावर को अपना मार्गदर्शक बता दिया और उनके मार्गदर्शन में अब राजनीति में उतर जन सेवा का संकल्प ले लिया।



# कोटा के कॉलेज में हेलमेट लगाकर पहुंचे स्टूडेंट

## जर्जर बिल्डिंग को दुरुस्त कराने की मांग, कहा- जांच होने तक छुट्टी घोषित हो

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा में राजकीय महाविद्यालय कोटा के छात्र-छात्राओं ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। कॉलेज के छात्र छात्राएं हेलमेट पहनकर और छाता लेकर कॉलेज पहुंचे। छात्र नेता हेमंत मीणा की अगुवाई में सहायक निदेशक आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा को सीएम और उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया। छात्रों ने पीडब्लूडी के अलावा सरकारी स्तर पर उच्च अधिकारियों की कमेटी बनाकर कॉलेज की बिल्डिंग की जांच करवाने की मांग की। जांच नहीं होने तक कॉलेज में छुट्टी रखने की मांग की।

**कॉलेज की बिल्डिंग 100 साल पुरानी** - छात्र नेता हेमंत मीणा ने बताया कि कॉलेज की बिल्डिंग 100 साल पुरानी है। वर्तमान में कई जगहों से जर्जर हो चुकी है। झालावाड़ के स्कूल में हुई घटना के बाद राजकीय महाविद्यालय कोटा में पढ़ाने वाले शिक्षक व पढ़ने वाले विद्यार्थियों में डर बना हुआ है। कक्षा कक्ष, लैब, स्टाफ रूम से प्लास्टर गिरता है। पानी की बरसात होती है। कई छतों के तो आरसीसी के जंग लगे सरिए से सीमेंट के टुकड़े गिरने लगते है। इसलिए आज हेलमेट पहनकर कॉलेज आए है।

## सीसीटीवी से पहचान, फिर भी एक माह बाद हत्यारे पुलिस पकड़ से दूर

### एक माह पहले अवैध बजरी के ट्रैक्टर से कुचलकर हुई थी मौत

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शहर की सड़कों पर बेलगाम ट्रैक्टर के रुप में खुलेआम मौत लेकर दौड़ने वाले बजरी माफियाओं पर अंकुश लगाने में धौलपुर पुलिस पूरी तरह फेल साबित हो रही है, जिसका जीता जागता सबूत शहर के मुख्य चौराहे गुलाब बाग पर 1 जुलाई को घटी दिल दहला देने वाली घटना थी। जिसमें बजरी का परिवहन कर रहे माफिया ने एक होनहार छात्रा दीक्षा को हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया था। तत्कालीन एसपी सुमित मेहरड़ा ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन भी किया था। आरोपियों के तार मौरोली गांव से जुड़े बताए गए थे। लेकिन पुलिस आरोपियों को अभी तक सलाखों के पीछे नही भेज पाई है। घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी वीडियो भी इंटरनेट पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसके आधार पर बजरी माफिया की शिनाख्त कर पाई थी। घटना को एक माह का समय बीत चुका है लेकिन हत्यारे पुलिस की पकड़ से दूर हैं। 6पिता बोले- पढ़ने में होनहार थी मेरी बेटी, माफियाओं ने मार डाला... दीक्षा के पिता गीतम ने बताया कि उस दिन क्लीनिक से चेकअप कराकर बाइक से दोनों घर वापस लौट रहे थे। गुलाब बाग चौराहे पर अचानक गलत दिशा से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आकर जोरदार टक्कर मारी और बेटी दीक्षा के ऊपर से पूरा ट्रैक्टर निकल गया था। मुझे भी गंभीर चोट आई थी। दीक्षा नीट की तैयारी कर रही थी, लेकिन एक झटके में सब खत्म हो गया। दीक्षा की मौत को पूरा एक महीना बीत चुका है, पर हत्यारे पकड़ से दूर हैं।

**इनका कहना:** पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है, आरोपी अभी फरार है। तलाश में पुलिस जुटी हुई है, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। मुनेश मीणा, डिप्टी एसपी धौलपुर।

## अजमेर जिले के भिनाय उपखंड मुख्यालय पर नव उपखंड अधिकारी सुश्री जीतू कुलहरी ने कार्यभार ग्रहण किया

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय मैं स्थानीय उपखंड कार्यालय में नव उपखंड अधिकारी सुश्री जीतू कुलहरी ने आज अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

स्थानीय उपखंड कार्यालय में डीडवाना - कुचामन जिले के नावां से स्थानांतरित होकर आए उपखंड अधिकारी सुश्री जीतू कुलहरी ने आज मध्यान्ह पूर्व यथा समय अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। नव उपखंड अधिकारी सुश्री कुलहरी द्वारा कार्यभार ग्रहण करते समय स्थानीय तहसीलदार श्रीमती नीलम राठौड़ मय उपखंड कार्यालय के कार्मिक नरेन्द्र सिंह गौड़ ( सूचना सहायक कम पीए ), सुरेश जांगिड़ ( वरिष्ठ सहायक ), प्रेम चंद अलवरिया ( कनिष्ठ सहायक) , श्री मती रिंकू कंवर ( कनिष्ठ सहायक ) , आदि ने अगवानी कर स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय उपखंड कार्यालय में नियुक्त उपखंड अधिकारी श्री सुनील कुमार झिंगोनिया का झुंझनू जिले के नवलगढ़ में स्थानांतरित हो जाने पर डीडवाना कुचामन जिले के नावां में नियुक्त उपखंड अधिकारी सुश्री जीतू कुलहरी को उपखंड अधिकारी भिनाय के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं

### किश्त हेतु लाईव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कृषि मंत्रालय भारत सरकार एवं कृषि विपणन राजस्थान के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना की 20वीं किस्त हेतु 2 अगस्त 2025 शनिवार को प्रातः 11.00 से 12.00 बजे तक सीधा प्रसारण कृषि उपज मंडी समिति भुसावर- वैर के कार्यालय पर किया जा रहा है सचिव कृषि उपज मंडी समिति के अनुसार इसमें कृषक, किसान /उत्पादन संगठन/ हितग्राहीयो को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## 19 किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर सस्ता हुआ

### राजस्थान में 1659.50 का मिलेगा, घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**जयपुर।** पेट्रोलियम कंपनियों ने आज एलपीजी की कीमतों का रिव्यू करने के बाद कॉमर्शियल उपयोग के गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। कंपनियों ने आज कॉमर्शियल सिलेंडर पर 34 रुपए कम किए हैं। वहीं, घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों को स्थिर रखा है। इस साल में छठां मौका है, जब कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया- कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट के मुताबिक राजस्थान में आज से 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 34 रुपए कम करने के बाद 1693.50 रुपए की जगह 1659.50 रुपए में मिलेगा। इससे पहले जुलाई के शुरुआत में कंपनियों ने कॉमर्शियल सिलेंडर पर 58 रुपए की कमी की थी। इस पूरे साल की बात करें तो कंपनियों ने मई में 24.50 रुपए,अप्रेल में 40.50 रुपए, जनवरी में 14.50 रुपए और फरवरी में 6 रुपए की कटौती की थी।

### मदस विवि का 38 वां स्थापना दिवस समारोह

# नई शिक्षा नीति श्रेष्ठ राष्ट्र व सुयोग्य नागरिक बनाने की मजबूत कड़ी- देवनानी

### महर्षि दयानंद सरस्वती भारतीय ज्ञान परम्परा के ध्वजवाहक- राठौड़

## गुरू का भारतीय संस्कृति में सर्वोच्च स्थान-रावत

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां तय कर रहा है। नई शिक्षा नीति भारतीयता, सनातन संस्कृति और राष्ट्र गौरव की अनुभूति के साथ विद्यार्थी को आगे बढ़ा रही है। यह श्रेष्ठ राष्ट्र व सुयोग्य नागरिक बनाने की मजबूत कड़ी है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के 37 वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति देश की दशा व दिशा को बदलने वाली है। यह श्रेष्ठ राष्ट्र व सुयोग्य नागरिक बनाने की अहम कड़ी है। अब विश्वविद्यालयों को भी बदलना होगा। उन्हें प्रचलित अवधारणाओं के साथ ही कुछ नए उपाय भी करने होंगे ताकि विद्यार्थी कक्षा में आए। उसे शैक्षिक के साथ ही सह शैक्षिक गतिविधियां भी मिलें। शिक्षक विद्यार्थियों को गढ़ें। उनके घर जाएं, उन्हें बेहतर बनाने के लिए सर्वस्व लगा दें और देखे कि कैसे सारा माहौल बदल जाएगा। शिक्षक विद्यार्थियों से निरंतर संवाद करें और उनकी समस्याओं के समाधान में भागीदार बनें। हम राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें। शिक्षाविद् हनुमान सिंह राठौड़ ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि विश्वविद्यालय का नामकरण जिन महापुरूष के नाम पर किया गया है वे महर्षि दयानंद सरस्वती महान पुरुष, शिक्षाविद, समाज सुधारक थे। उनके दर्शन का सम्मान न केवल भारत में बल्कि विश्व में भी किया जाता है। उन्होंने कुरीतियों, जातिवाद, अंधविश्वास, ऊंच-नीच, छुआछूत जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि वे विश्वविद्यालय के विकास के लिए योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज विश्वविद्यालय के समक्ष अतिक्रमण, स्टाफ व शिक्षकों की कमी सहित कई चुनौतियाँ है, इनका समाधान करने के लिए सरकार के स्तर पर पूर्ण प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वे इसी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं और इसे श्रेष्ठता के स्तर पर आगे बढ़ाना उनका सौभाग्य होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्थापना दिवस आत्मवलोकन का दिवस होता है कि हमने 38 वर्षों में क्या किया, क्या शेष रह गया और क्या करना बाकी है और उसका लेखा-जोखा तैयार करके आगे की यात्रा का निरूपण करना होता है। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रिया भार्गव ने किया तथा संचालन प्रो. अरविंद पारीक ने किया।

इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो. लोकेश शेखावत एवं प्रो. के सी शर्मा, प्रबंध बोर्ड सदस्य प्रो. अनिल दाधीच एवं प्रो. ऋतु माथुर, अधिष्ठाता शिक्षा संकाय प्रो. सुचेता प्रकाश तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. सुभाष चन्द्र, प्रो. सुब्रतो दत्ता, प्रो. रीटा मेहरा, प्रो. शिव प्रसाद, यूजीसी दयानन्द चेयर प्रो. नरेश कुमार धीमान, दयानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा, डॉ. आशीष पारीक, प्रो. शिवदयाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील कुमार टेलर, वित्त नियंत्रक नेहा शर्मा, डॉ. सूरजमल राव, डॉ. तपेश्वर, प्रो. आशीष भटनागर, प्रो. प्रवीण माथुर, डॉ. राजूलाल शर्मा, डॉ. लारा शर्मा, डॉ. ए. जयन्ती देवी सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के कर्मचारी, विद्यार्थी एवं अजमेर नगर से पधारे गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कटारा के नेतृत्व में संविधान बचाओ रैली का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास के जटमांसी रोड पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर आज बयाना रूपवास विधानसभा क्षेत्र में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया इस मौके पर जिला प्रभारी राजेश चौधरी बयाना रूपवास विधानसभा प्रभारी राजेश कटारा भरतपुर जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव, रूपवास प्रधान नीतू नवल रूपवास ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र सिंह प्रधान, बयाना ब्लॉक अध्यक्ष बहादुर पटेल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा,अशोक कटारा,चंद्रकेश राजावत, योगेश सिंघल, ज्ञानेश शर्मा, नंदराम शर्मा सभी मंडल अध्यक्ष एवं क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति एवं कांग्रेस जन उपस्थित हुए इस मौके पर बयाना विधानसभा प्रभारी राजेश कटारा ने बताया संविधान खतरे में है इसको बचाना हम सभी के नैतिक जिम्मेदारी है क्योंकि इस संविधान की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने कुर्बानी दी अपनी जान देकर आज तक संविधान को जिंदा रखा है भारत सरकार की दमनकारी नीतियों की वजह से आज संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है चाहे किसान की बात हो जवान की बात हो बेरोजगारी की बात हो युवाओं की बात हो पूरा राजस्थान त्रस्त है उसकी रक्षा के लिए सभी लोग एकजुट हैं।

## पार्वती नदी में बहा मिनी ट्रक

### ड्राइवर और हेल्पर की तलाश जारी, मजदूर और ठेकेदार को बचाया

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में पार्वती नदी के उफान पर होने से रानौली रपट पर पानी की चादर चल रही है। पानी में लोगों की आवाजाही रोकने के लिए राजस्थान की सीमा पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। शुक्रवार सुबह उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से आ रहा एक मिनी ट्रक तेज बहाव को पार करने लगा। तेज बहाव की चपेट में आने से मिनी ट्रक पानी में बह गया। ट्रक में पीछे मौजूद एक मजदूर और ठेकेदार को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचा लिया गया, लेकिन ट्रक के भीतर मौजूद ड्राइवर और हेल्पर पानी में डूब गए। उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बचाए गए मजदूर मुकेश पुत्र मोहन जाटव निवासी भमरौली कटारा, आगरा ने बताया कि वह ठेकेदार रवि पुत्र हीरा सिंह निवासी आगरा के साथ मजदूरी करने के लिए धौलपुर के मनिया कस्बे जा रहा था। रास्ते में भमरौली गांव के पास दोनों आगरा से धौलपुर जा रहे मिनी ट्रक में बैठ गए। रानोली रपट पर पानी का तेज बहाव होने के बावजूद ड्राइवर ने ट्रक को पुल पर उतार दिया। तेज बहाव में मिनी ट्रक पानी में बह गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी चंद्रभान सिंह और स्थानीय गोताखोरों ने ट्रक में डूब रहे ठेकेदार और मजदूर को सकुशल बाहर निकाल लिया। मजदूर को सड़क किनारे निकाल लिया गया है, जबकि ठेकेदार पानी के बीच बने एक टापू पर फंसा हुआ है। घटना के बाद एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से पानी में डूबे ट्रक और उसमें फंसे ड्राइवर और हेल्पर की तलाश की जा रही है।

## बीच सड़क पर खंडा डालकर मार्ग किया बाधित,दुर्घटना का शिकार हो रहे वाहन चालक

### कलक्टर व आयुक्त से संवेदक के खिलाफ कार्यवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** शहर के रंजीत नगर से मुखर्जी नगर होते हुए कुम्हेर की तरफ जाने वाले मार्ग पर यूआईटी फ्लैट्स के सामने बीच रोड पर बड़े बड़े खंडा डाल दिये गए हैं जिससे वाहन चालक गिरकर चुटैल हो रहे है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं होने से आमजन को परेशानियां झेलनी पड़ रही है । लोहागढ़ उत्थान मोर्चा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार वशिष्ठ, भूपेंद्र शर्मा, मनीष अग्रवाल, डॉ. हरीश कुमार, प्रेम सिंह गुण्डवा सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर, नगर निगम व बीएडीए आयुक्त को पत्र के माध्यम से बताया कि रंजीत नगर से मुखर्जी नगर मार्ग पर होते हुए आस-पास के गांवों तथा शहरी क्षेत्र के लोगों का 24 घंटे आवागमन बना रहता है । मुख्य मार्ग होने की बजह से बाइक,कार अथवा अन्य वाहनों के माध्यम से लोग आते जाते हैं । इस मार्ग पर यूआईटी द्वारा बनवाये गए फ्लैट्स के सामने मुख्य मार्ग पर चल रहे विकास कार्य के लिये संबंधित संवेदक द्वारा बड़े बड़े खंडा बीच रोड पर डलवा दिए हैं । जिससे टकराकर वाहन चालक गिर कर चोटिल हो रहे है । वहीं रात्रि में तो और भी बुरी स्थिति हो जाती है । क्षेत्र में अंधेरा छाए रहने से सड़क के बीचों बीच पड़े खंडा दिखाई नहीं देते और वाहन चालक खंडों से टकराकर गिर जाते हैं । रात्रि में कई लोग इन खंडों से टकराकर चोटिल तक हो रहे हैं । संवेदक की लापरवाही के कारण आमजन परेशान है ।

उन्होंने अधिकारियों से ऐसे संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है जिसने इन निर्माण सामग्री को सड़क के बीचों-बीच डलवाया है । उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे ही हालात हैं । निर्माण करने वाले संवेदक लापरवाही पूर्वक बीच सड़क पर निर्माण सामग्री को डलवा देते हैं जिससे आवागमन तो बाधित होता ही है आमजन भी परेशान होता है । जगह-जगह खंडा, गिट्टियां, बजरी भी फैली हुई दिखाई देती है जिससे लोग टकराकर गिर जाते हैं । उन्होंने कहा है कि समय रहते सड़क के बीचो-बीच पड़ी निर्माण सामग्री को हटवा दिया जाए नहीं तो बरसात के मौसम में कोई भी बड़ी घटना घटित हो सकती है ।

## भारत स्काउट एवं गाइड का जिला अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, जिला परिषद डीग-भरतपुर का वार्षिक अधिवेशन दिनांक 01 अगस्त 2025 को प्रातः 10.30 बजे से श्री हिंदी पुस्तकालय समिति, पुराने अनाज मंडी, डीग पर आयोजित किया गया।

इस वार्षिक अधिवेशन में जिला काउंसिल के सभी सम्मानित सदस्यगण — जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, जिला मुख्य आयुक्त, जिला कमिश्नर, जिला संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त, हेडक्वार्टर कमिश्नर, लीडर ट्रेनर, सहायक लीडर ट्रेनर, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर, सहायक जिला कमिश्नर, आजीवन सदस्य, सचिव, संयुक्त सचिव, सहायक सचिव, ट्रेनिंग काउंसलर, स्काउटर/गाइडर प्रतिनिधि आदि सम्मिलित हुए। अतः सभी से अनुरोध किया गया कि वे इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में पधारकर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई भारत स्काउट एवं गाइड का भरतपुर एवं डीग जिले का जिला अधिवेशन आज डीग स्थित हिंदी साहित्य समिति लाइब्रेरी के अरुण सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक स्टेट कमिश्नर डॉ. आलोक शर्मा, स्काउट लीडर प्रदीप शर्मा, डीग की प्रधान तारा सिंह, एवं भरतपुर के उपप्रधान हरिचरण मुद्गल उपस्थित रहे।

अधिवेशन के दौरान अलंकरण समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें एक दर्जन से अधिक विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त महिला एवं पुरुष स्काउट/गाइड सदस्यों को शपथ ग्रहण, प्रमाणीकरण एवं स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु वृक्ष मित्र पुरस्कार स्काउटर हरगोविंद शर्मा को प्रदान किया गया।

समारोह में स्काउटिंग के मूल्यों, सेवा कार्यों, एवं युवाओं को राष्ट्र निर्माण में प्रेरित करने की दिशा में सार्थक चर्चाएं हुईं। कार्यक्रम का सफल संचालन स्थानीय स्काउट संगठनों द्वारा किया गया एवं बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, अधिकारीगण, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्मशान घाट में घुसा चंबल का पानी

### सड़क पर शवों का करना पड़ रहा अंतिम संस्कार, श्मशान स्थल पर भरा 5 से 6 फुट पानी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** कोटा बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण चंबल नदी में आए उफान से जिले के 38 गांव और निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। चंबल नदी अपने तेज वेग और रौद्र स्वरुप के साथ आगे बढ़ रही है। जिसे देखकर लोग भयभीत है। मदद को सेना भी बुला ली गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम लगातार बाढ़ के हालातों में फंसे लोगों का रेस्क्यू करने में जुटी है। शहर का एकमात्र श्मशान घाट भी चम्बल नदी के प्रकोप के चपेट में आ गया है। श्मशान घाट में चम्बल नदी का पानी भर जाने के कारण लोगों को अपनों का अंतिम संस्कार मजबूरन सड़क पर करना पड़ रहा है। श्मशान घाट के चौकीदार ब्रजेश निषाद ने बताया कि बीते बुधवार से श्मशान घाट में चम्बल नदी के पानी की आवक शुरु हो गई थी। कम जलभराव होने पर लोगों ने पानी में खड़े होकर अपनों का अंतिम संस्कार किया, लेकिन आज श्मशान घाट पूरी तरह से डूब चुका है। जिसमें शवों का अंतिम संस्कार कर पाना मुश्किल हो गया है। संस्कार स्थल पर 5 से 6 फिट तक पानी भर गया है। साथ ही अंतिम संस्कार करने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली लकड़ी व अन्य महत्वपूर्ण सामग्री भी पानी में डूब जाने के कारण खराब हो गई है। श्मशान घाट की 4 सीढ़ियां पानी में डूब चुकी है। बाहरी लोगों के श्मशान घाट में आने जाने पर सख्ती से रोक लगा दी है, क्योकि लोग श्मशान घाट पर भी सेल्फी व मनोरंजन करने पहुंच रहे है। 6शवों को आवारा जानवरों से बचा पाना बड़ी चुनौती... श्मशान घाट के चौकीदार ब्रजेश निषाद ने बताया कि दिन में अंतिम संस्कार के लिए लाए जाने वाले शवों की हम आवारा जानवरों से सुरक्षा करते है, लेकिन देर रात अंतिम संस्कार को लाए जाने वाले शव अपने हाल पर छोड़ दिए जाते हैं क्योंकि रात में शवों की सुरक्षा कर पाना मुश्किल हो जाता है, शमशान में लगातार चम्बल का पानी बढ़ता जा रहा है, जिससे कर्मचारी भी भयभीत हैं।

## अजमेर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया निर्माणाधीन 3 उच्च जलाशयों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अगस्त को विधानसभ अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार दोपहर को करीब 5 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होने वाले 3 उच्च जलाशयों का निरीक्षण किया। श्री देवनानी ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर निर्माण कार्य को देखा और निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री देवनानी के प्रयासों के चलते उत्तर विधानसभा क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में यह तीन उच्च क्षमता के जलाश महती भूमिका निभाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव ने बताया कि रावत नगर बोराज में 1500 किलोलीटर की क्षमता वाले उच्च जलाशय का निर्माण तेज गति के साथ हो रहा है इसकी लागत. 1.90 करोड़ रूपए है। इसी प्रकार वैशाली नगर के आशापुरा नगर में 1.90 करोड की लागत से 1200 किलोलीटर क्षमता वाले उच्च जलाशय का निर्माण तथा 1.10 करोड़ रूपए की लागत से मिल्ट्री स्कूल सीडब्ल्यूआर में 1400 किलोलीटर की क्षमता वाला उच्च जलाशय का निर्माण प्रगति पर है। देवनानी ने कहा कि इन तीनों उच्च क्षमता वाले जलाशयों के निर्माण होने के बाद क्षेत्र की बड़ी आबादी को पर्याप्त जलापूर्ति के साथ ही उचित प्रेशर के साथ पानी मिल सकेगा। अभी तक संबंधित क्षेत्रों में इस उच्च क्षमता के जलाशय नहीं होने के कारण परेशानी हो रही थी। जिसके समाधान के लिए बजट में प्रावधान कर इनका निर्माण करवाया जा रहा है।

## न्यायालय के आदेश के बाद सेल अमीन ने दुकानो से कब्जा हटाकर संभालाया मालिक को

### पट्टा होने के बाद भी नगर परिषद ने दूसरे को बेच दी थी दुकाने



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर के लंका गेट चौराहे पर दो दुकान के प्रकरण में अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं सिविल मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 2 ने सुनवाई करते हुए डिक्रीदार के हित में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए दोनों दुकानें डिक्रीदार को संभालने का निर्णय सुनाया है। जिसके बाद न्यायालय के आदेश के बाद शुक्रवार को न्यायालय के सेल अमीन पुलिस जाब्ते के साथ विवादित स्थल पर पहुंचे और विवादित दुकानों को खुलवाकर पीड़ित को संभालने की कार्यवाही शुरू की। इस दौरान नाप चैक करते हुए दुकानों के शटर के पुराने तालों को तोड़ते हुए दुकानें खुलवाने की कार्यवाही शुरू की इस दौरान दूसरे पक्ष द्वारा विरोध दर्ज करवाते हुए न्यायालय में मामला विचाराधीन होते हुए एक पक्षीय कार्यवाही नहीं करने का निवेदन करते हुए दुकानें संभालने का विरोध किया। इस पर न्यायालय के सेल अमीन ने माननीय उच्च न्यायालय का स्टे आर्डर या कोई वैध दस्तावेज दिखाने को कहा तो दूसरा पक्ष कोई वैध दस्तावेज दिखा नहीं पाया, इस दौरान दूसरे पक्ष को करीब आधे घंटे तक वैध दस्तावेज दिखाने का समय भी दिया गया। दूसरे पक्ष का वैध दस्तावेज नहीं दिखाने के बाद सेल अमीन की मौजूदगी में दोनों दुकानों के शटर पर लगे पुराने तालों को तोड़कर, कटर मशीन की मदद से पुराने शटर को तोड़कर सेल अमीन द्वारा डिक्रीदार को दोनों दुकानों का कब्जा संभाल दिया गया। इस दौरान जेसीबी की मदद से दुकानों के बाहर लगे अस्थाई कब्जे को भी हटा दिया गया। कब्जा संभालने की कार्यवाही के दौरान नगर परिषद के राजस्व अधिकारी रवि दाधीच अतिक्रमण दस्ते को लेकर पहुंचे जहां सेल अमीन ने उन्हें न्यायालय का आदेश होने की जानकारी दी इसके बाद नगर परिषद टीम भी वापस लौट गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

#### यह था विवादित दुकान प्रकरण

लंका गेट निवासी स्व. छोटेलाल माली ने लंका गेट चौराहे पर स्थित दो दुकानें पूर्व में छत्रपुरा ग्राम पंचायत से खरीदी थी जिसका उनके पास पट्टा भी था। जिसके बाद छत्रपुरा ग्राम पंचायत का नगर परिषद में विलय हो गया और नगर परिषद ने दुकान मालिक की दोनों दुकानों को व्यावसायिक योजना में किसी दूसरे के नाम आवंटित कर दिया। जिसके बाद से ही दुकान मालिक के वारिसों ने नगर परिषद व कब्जाधारी के विरुद्ध न्यायालय की शरण ले रखी थी। जिसके बाद न्यायालय ने स्व. छोटेलाल माली के वारिसों के हक में फैसला सुनाते हुए 10 गुणा 10 वर्ग फीट की दो दुकानों का कब्जा संभालाया है।

## मॉर्डन स्कूल में भामाशाह का किया सम्मान,एयर कंडीशनर भेट किया

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** शुक्रवार को समाज सेवी विपिन राठौर ने स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉर्डन स्कूल में एयर कंडीशनर भेट किया। इस अवसर पर प्राचार्य, शाला परिवार, एसडीएमसी सदस्यों ने समाजसेवी भामाशाह विपिन राठौर का तिलक लगा माला व साफा पहनकर स्वागत किया। प्राचार्य मुकेश मीणा ने बताया कि विद्यालय के विकास में भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान होता है इसी क्रम में भामाशाह विपिन राठौर ने स्मार्ट क्लास के लिए एयर कंडीशनर विद्यालय को भेंट किया है। जिसका विद्यालय परिवार इनका आभार व्यक्त करता है।

# प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह के 84वें तीन दिवसीय रोजा उर्स का छठी शरीफ की महफिल के साथ आगाज हुआ

### दरगाह वक्फ कमेटी कपासन द्वारा जायरीनों हेतु माकूल व्यवस्थाएं एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम





बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन रोजा उर्स का हजरत ख्वाजा गरीब नवाज र.अ. की छठी शरीफ की महफिल से आगाज हुआ।जिसमे हजारो लोगो द्वारा जुमआ की नमाज़ अदा की गयी। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सेक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर का 84वें तीन दिवसीय उर्स का आगाज 1 अगस्त शुक्रवार प्रातः 9 बजे शाही महफिल खाने मे हजरत ख्वाजा गरीब नवाज र.अ. की छठी शरीफ की महफिल से हुआ।औलिया मस्जिद के पेश ईमाम मौलाना अंसारूल हक के तिलावते कलाम के बाद हाजी मोहम्मद सईद अंसारी की दीवाना मीलाद पार्टी ने महफिले मीलाद सअव पढी तथा सलातो सलाम एवं हाफिजो,कारी शाकीर अशरफी द्वारा फातिहा पढ़ी गयी। इसके बाद राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश से 35 कव्वाल पार्टीयो द्वारा बारी-बारी से सुफियाना कलाम पेश किये तथा प्रातः राज बैण्ड उदयपुर द्वारा अपने अंदाज मे सलामी दी गयी। शादियाने बजाये गये। भीलवाड़ा, गंगरार, जावद सहित स्थानीय हुसैनी बैण्ड द्वारा सलामी पेश की गयी। यहां 84वां उर्स शुरू होने के साथ जायरीनो द्वारा दर्शन एवं चादर पेश करने का सिलसिला शुरू हो गया। इधर उर्स दौरान जायरीनों हेतु माकूल व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा इंतजाम को लेकर दीवाना शाह दरगाह परिसर मे अस्थाई पुलिस चोकी,स्वास्थ्य विभाग द्वारा डिस्पेंसरी,पुलिस प्रशासन द्वारा तीन थाना क्षेत्रों के थानाधिकारीयो सहित पर्याप्त पुलिस जाप्ता, फायर बिग्रेड 24 घंण्टे तैनात रहेगी। दरगाह के मेला परिसर मे 700 से अधिक प्रतिष्ठानों सहित मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु डोलर, झूला, चकरी आदि लगे है। साथ ही दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से 100 सिक्यूरिटी गार्ड,150 स्वयंसेवकों द्वारा आस्ताना ए आलिया के अंदर व बाहर सेवाऐ दी जा रही हैं।लंगरखाना मे दोनो वक्त लंगर तकसीम होना शुरू हो गया है। पूर्ण दरगाह परिसर मे टेन्ट, लाईट एवं आकर्षक विद्युत साज-सजावट की गयी है। जायरीने दीवाना के लिये छाया-पानी इत्यादि सुविधाओं की माकूल व्यवस्था का प्रबंध किया गया है। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सदर अनवर अहमद छीपा ने बताया कि शनिवार बाद नमाजे ईशा के महफिलें मीलाद के बाद कव्वाल हजरात अपने-अपने कलाम पेश करेगे।रविवार प्रातः देग का खाना तकसीम होगा तथा 8 बजे कुल की महफिल शुरू होगी।जोहर की अजान से पूर्व कुल की फातिहा व छींटे के साथ 84वें तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा। साथ ही सोमवार को मुख्य मजार के पट आम जायरीन के दीदार हेतु खोले जायेगें। यहां गुरूवार सांयकाल जिला पुलिस उपाधीक्षक सरिता सिंह द्वारा दरगाह परिसर एवं मेले संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर दरगाह कमेटी को सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।इस दौरान दरगाह वक्फ कमेटी के नायब सदर हाजी मुबारिक शेख, सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी,अशफाक तुर्किया, इरफान सिलावट,वाहिद अशरफी, असलम शैख द्वारा जिला पुलिस उपाधीक्षक सरित सिंह का शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर आस्ताना ए आलिया मे पुलिस उपाधीक्षक कपासन हरजीलाल यादव, थानाधिकारी कपासन रतन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रासेश्वरी देवी के मुखारबिंद से तीन दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम के समापन में गुरु की महिमा सुन श्रद्धालु हुवे भाव-विभोर

### साधकों हेतु कपासन में तीन दिवसीय साधना क्लास का आयोजन होगा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर में आयोजित तीन दिवसीय विलक्षण दार्शनिक प्रवचन एवं रस संकीर्तन का शुक्रवार को भव्य समापन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस प्रवचन में रासेश्वरी देवी के मुखारबिंद से गुरु महिमा, गुरु की पहचान, गुरु की शक्तियों व नवधा भक्ति आदि गूढ़ विषयों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।जिसे सुन उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये। रासेश्वरी देवी ने गुरु को ईश्वर प्राप्ति का अनिवार्य साधन बताते हुए कहाकि बिना गुरु के सच्चा ज्ञान संभव नहीं है। गुरु की पहचान के लिए कुछ विशेष लक्षण बताये। जिसमे गुरु का निष्काम,निःस्वार्थ व मात्र ईश्वर से प्रेम करने वाला होना चाहिये। सच्चा गुरु ही शिष्य के अज्ञान को दूर कर उसे ज्ञान के मार्ग पर ले जाता है। जिससे ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। इस दौरान प्रवचन में रासेश्वरी देवी द्वारा नवधा भक्ति का महत्व समझाते हुवे इसे भक्ति मार्ग का आधार बताया गया। साथ ही साधकों को प्रेरित करने के लिए कई महान भक्तों एवं संतों के उदाहरण प्रस्तुत किये। जिनकी कहानियां सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हुवे। इस प्रवचन कार्यक्रम के समापन पर रासेश्वरी देवी ने एक विशेष घोषणा कर बताया कि कपासन में साधकों के लिए तीन दिवसीय साधना क्लास का आयोजन किया जायेगा। उक्त घोषणा सुनकर श्रद्धालुओं में उत्साहपूर्वक हर्ष व्याप्त हो गया।

उल्लेखनीय है कि रासेश्वरी देवी ने कपासन में आयोजित तीन दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं को भारत एवं विदेशों में संचालित हो रहे अपने 200 से अधिक साधना सेंटर्स संबंधी जानकारी अवगत कराया। जहां साधक नियमित आध्यात्मिक अभ्यास करते हैं।

कार्यक्रम में श्री सांवलिया धाम मूंगाना के अनुजदास महाराज, रामपाल महाराज द्वारा रासेश्वरी देवी का सम्मानपूर्वक साधु सत्कार किया गया। साथ ही दोनों महंतों को शॉल एवं उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया गया।यहां नगर कपासन में आयोजित तीन दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम से चहुंओर आध्यात्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

रासेश्वरी देवी के दार्शनिक विचारों एवं मधुर संकीर्तन ने उपस्थित जनमानस को आत्मचिंतन व ईश्वर प्रेम की ओर अग्रसर किया।

## करंट लगने की वजह से बंदर की मृत्यु

### फलवा गांव के निवासियों ने जुलूस निकाल कर अंतिम संस्कार किया



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** निंबाहेड़ा उपखंड के फलवा गांव में शुक्रवार को प्रातः 7.30 बजे एक बंदर का करंट लगने से निधन हो गया जिसकी सूचना युवाओं को मिलने पर सभी युवाओं और गांव के पंच पटेलो द्वारा श्री राम भक्त हनुमान जी के अवतार स्वरूप वानर का विधि विधान से पालकी सजा कर डीजे के साथ में पूरे गांव में अंतिम यात्रा (जुलूस) निकालकर अंतिम संस्कार किया । इस जुलूस में गांव की माता बहने भी शामिल हुई एवं शमशान तक साथ में चली। नारियल चंदन एवं घी शक्कर से वानर राज का दाह संस्कार किया । शमशान में सभी युवाओं एवं पंच पटेलो ने राम नाम की रामधुन की एवं 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी ।

# भीलवाड़ा जिले में जर्जर विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के उपयोग पर रोक

### मरम्मत और वैकल्पिक व्यवस्थाओं के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के राजकीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों की भौतिक स्थिति का विस्तार से मूल्यांकन किया गया। बैठक में जिला निरीक्षण दलों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में यह सामने आया कि कई विद्यालय भवन और आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर, क्षतिग्रस्त और असुरक्षित स्थिति में हैं। इस पर कलेक्टर संधू ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे कक्षों और भवनों का तत्काल उपयोग बंद किया जाए और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक स्थानों की व्यवस्था की जाए अथवा आवश्यकता अनुसार शिफ्टवाइज कक्षाएं चलाई जाएं। कक्षा कक्षों की मरम्मत, भवनों के वर्तमान उपयोग और आधारभूत सुविधाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने यह निर्देश दिए कि नई कक्षाओं के निर्माण के समय जल निकासी की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए ताकि वर्षा या अन्य कारणों से भवनों को क्षति न पहुंचे। आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत हेतु प्रस्ताव शीघ्र तैयार करके जिला परिषद को भेजने के निर्देश भी दिए गए। शहरी क्षेत्र में स्थित पुरानी और जर्जर इमारतों को लेकर कलेक्टर संधू ने चिंता जताते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ऐसी इमारतों की पहचान कर समयबद्ध कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि ये भवन न केवल आमजन की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि शहरी सौंदर्य और व्यवस्थाओं को भी प्रभावित करते हैं। समीक्षा बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज जन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई तंत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह रहें और हर प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा, जिला परिषद के सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरूणा गारू, सीएमएचओ सीपी गोस्वामी, महिला एवं बाल विकास विभाग से राजकुमारी खोरवाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएनटी समाज का महा-बहिष्कार आंदोलन, प्रदर्शन

### आजाद चौक से कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली, सरकार को दिया अंतिम अल्टीमेटम

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा ) ।** राज्य सरकार की उपेक्षा और वर्षों से चली आ रही सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक हकमारी के विरोध में गुरुवार को राष्ट्रीय पशुपालक संघ, डीएनटी संघर्ष समिति एवं विमुक्त घुमंतू अर्ध-घुमंतू जाति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भीलवाड़ा के आजाद चौक से कलेक्टर कार्यालय तक 'महा-बहिष्कार' रैली निकाली गई। रैली में समाज के हज़ारों लोग शामिल हुए। हाथों में काले झंडे और मुखर नारों के साथ समाज के लोगों ने अपना आक्रोश प्रकट किया। रैली के समापन पर कलेक्टर ऑफिस के बाहर पुतला दहन कर सरकार के प्रति गहरा रोष जताया गया।

राष्ट्रीय पशुपालक संघ के अध्यक्ष लालजी राईका ने सभा में कहा कि सरकार वर्षों से डीएनटी समाज की अनदेखी कर रही है। हमारी मांगे बार-बार उठाई गई हैं, मगर न तो वार्ता होती है और न ही समाधान मिलता है। यह हमारा अंतिम ज्ञापन है। अब आगे आंदोलन ही हमारा उत्तर होगा।

राईका ने कहा कि राजस्थान सरकार की सूची में केवल 32 डीएनटी समुदाय शामिल हैं, जबकि वास्तविक संख्या 50 से अधिक है। इनकी अनुमानित जनसंख्या 1 करोड़ 23 लाख है, जो राज्य की कुल जनसंख्या का 15% है, लेकिन शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में भागीदारी शून्य है। कई समाजजनों के पास आज तक आवास नहीं है और प्रमाणपत्र भी नहीं बनाए जा रहे हैं। विमुक्त घुमंतू अर्ध-घुमंतू जाति परिषद के प्रदेशाध्यक्ष रतननाथ कालबेलिया ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अब भी वार्ता नहीं की तो 1 नवंबर 2025 से डीएनटी समाज हाईवे पर उतरकर विरोध करेगा।

इसके साथ ही हम पंचायत एवं निकाय चुनावों का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि डीएनटी समाज अब सरकारी प्रमाणपत्र शिविरों और योजनाओं का बहिष्कार करेगा क्योंकि उनका समाज से कोई वास्तविक सरोकार नहीं है। संगठन द्वारा दिए गए मांगपत्र में समाज ने सरकार के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखीं जिनमें समाज को अलग से 10% आरक्षण प्रदान किया जाए, पंचायतों में 10% प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए, बस्तियों की ज़मीन पर मालिकाना पट्टे दिए जाएं, समाज के बच्चों के लिए मॉडल स्कूलों की स्थापना की जाए, 1,000 छात्रों को विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति दी जाए। आजाद चौक में हुई सभा में राजस्थान के विभिन्न जिलों से समाजजन, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी की एक ही आवाज थी— अब नहीं सहेंगे उपेक्षा, हक लेकर रहेंगे। कार्यक्रम के समापन पर चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने शीघ्र वार्ता कर उचित समाधान नहीं किया तो आगामी तीन महीनों में यह आंदोलन पूरे राजस्थान में फैलाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## विकास कार्यों की गतिशीलता में नगर पालिका कपासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू

### यहां जवाहर नेहरू उद्यान का शिलालेख टूटने से रोष की स्थिति बनी

बढ़ता राजस्थान





**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा शुक्रवार को नगर क्षैत्र हेतु प्रस्तावित आगामी विकास कार्यों की गतिशीलता में जेसीबी के माध्यम से दीवार तोड़कर मलबा हटाने की कार्यवाही की गयी। जानकारी अनुसार नगर क्षैत्र में नगर पालिका कपासन द्वारा विभिन्न विकास कार्य गतिमान है।विकास कार्यों की गतिशीलता के क्रम में नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर के मुख्य मार्ग स्थित गांधी वाटिका की सड़क किनारे खड़ी दीवार को तोड़कर मलबे को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। इधर नगर पालिका कपासन कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को संपर्क में बताया कि नगर पालिका कपासन द्वारा क्षैत्र में जारी विभिन्न विकास कार्यों की कड़ी में नगर की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण कार्य भी प्रस्तावित है। जिसके अंतर्गत मुख्य मार्ग स्थित सब्जी मंडी से सेठजी की बगीची तक सड़क को चोड़ा किया जाना है। जिसके तहत पालिका प्रशासन द्वारा सब्जी मंडी एवं विद्युत विभाग सहायक अभियंता कार्यालय की दीवार को तोड़कर पीछे करने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे नगर के मुख्य सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य सुनियोजित किया जा सके। साथ ही पेट्रोल पंप के सामने सर्किल सौंदर्यीकरण का कार्य प्रस्तावित है। यहां सड़क एवं पुलिया चौड़ीकरण व डिवाइडर निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर ली गयी है। जिसका अनुमोदन एवं निविदा प्रक्रिया उपरांत विकास कार्य पूर्ण किया जायेगा। इधर नगर पालिका कपासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण हेतु दीवार तोड़ने की गई कार्यवाही के दौरान उक्त दीवार लगे जवाहर नेहरू उद्यान का शिलालेख जिसका शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार स्व. मोहनलाल सुखाड़िया द्वारा किया गया था।उक्त शिलालेख जेसीबी द्वारा दीवार तोड़ने के दौरान पूर्णतया टूटकर बिखर गया। जिसकी सूचना पर सोशल मीडिया पर बवाल के साथ मौके पर कुछ कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगने पर नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर मौके पर पहुंचे। जिसके उपरांत मामला शांत हुआ दिखाई दिया।

## महान गायक मोहम्मद रफ़ी को श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** महान गायक मोहम्मद रफ़ी की 44वीं पुण्यतिथि पर बूंदी म्यूजिकल ग्रुप ने एक संगीतमय शाम एक शाम मो. रफ़ी के नाम का आयोजन किया। नामदेव भवन, कागजी देवरा में आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों ने रफ़ी के सदाबहार गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद ग्रुप के कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज में रफ़ी के नगमे प्रस्तुत किए। चंद्रशेखर शर्मा ने फनकार तुझ सा, ममता शर्मा ने याद न आए बीते दिनों की,कन्हैया सैनी ने इतना तो याद है मुझे, सुमेरा केसर ने झिलमिल सितारों का आंगन होगा,महावीर जी नामा ने तुझको पुकारे मेरा प्यार, फिरोज भाई एडवोकेट ने मेरे दुश्मन तू मेरी जैसे गीत गाकर महान गायक को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयुर्वेदिक अस्पताल की डॉ. पारुल सोनी रहीं, जबकि अध्यक्षता अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने की।



धर्म चाहे जो भी हो अच्छे इंसान बनो...
हिसाब हमारे कर्मों का होगा धर्मों का नहीं...

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# ट्रम्प का रूस के पास 2 एटमी-पनडुब्बियां तैनाती का आदेश

## कहा- गंभीर नतीजे भुगतने होंगे; पूर्व रूसी राष्ट्रपति बोले थे- अमेरिकी प्रेसिडेंट घबरा गए हैं

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने के आदेश दिए हैं। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने अपने इस फैसले के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया।

ट्रम्प ने 28 जुलाई को स्कॉटलैंड यात्रा के दौरान ऐलान किया था कि रूस के पास यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए 10 से 12 दिन का समय है। अगर रूस इस दौरान सीजफायर के लिए बातचीत पर राजी नहीं होता तो रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर सेकेंडरी टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ पर लिखा- रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी की वजह से मैंने रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि भड़काऊ बयान सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहे। शब्द बहुत कीमती होते हैं और कई बार अनजाने में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा मामला नहीं होगा। ट्रम्प ने बताया डेड इकोनॉमी तो रूस ने डेड हैंड की याद दिलाई ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया था। उन्होंने कहा था- भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति घबरा गए हैं।

मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा था- ट्रम्प को डेड हैंड की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है। अगर रूस के पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्दों से अमेरिका के शक्तिशाली राष्ट्रपति इतना घबरा जाते हैं तो रूस का रास्ता बिल्कुल सही है। हम अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे।

डेड हैंड रूस का एक पुराना न्यूक्लियर हथियार कंट्रोल सिस्टम था। यह देश की लीडरशिप खत्म होने पर भी जवाबी हमले करने में सक्षम था।



# भारत बोला-रूसी ऑयल खरीदना बंद करने में अमेरिकी दबाव नहीं

## बाजार में जो चीज मौजूद है, हम उसी हिसाब से फैसले लेते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव में रूस से ऑयल खरीदना बंद कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा- बाजार में जो चीज मौजूद हैं और दुनिया में जो हालात हैं, भारत उसी हिसाब से फैसले लेता है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने हाल ही में दावा किया था कि भारत की सरकारी ऑयल रिफाइनरियों ने पिछले हफ्ते रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत को मॉस्को से तेल नहीं खरीदने की चेतावनी दी है।

### पाकिस्तान से तेल खरीदने पर टिप्पणी नहीं

राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि भारत एक दिन पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। रणधीर जायसवाल ने इस बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। ईरान के साथ व्यापार के सवाल पर उन्होंने कहा- भारत सरकार ईरान के साथ व्यापार करने वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों की समीक्षा कर रहा है। सरकार ने इन्हें नोट कर लिया है और इस पर विचार किया जा रहा है।

**भारत और अमेरिका के बीच मजबूत रक्षा संबंध**-जायसवाल ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंध मजबूत बने हुए हैं। भारत की रक्षा नीति पूरी तरह से राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक जरूरतों पर आधारित है। यह बयान ऐसे समय पर आया है जब हाल ही में केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया है कि भारत ने स्न-35 लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर अमेरिका के साथ कोई औपचारिक चर्चा नहीं की है।



### भारत को रूसी ऑयल की खरीद बंद न करने की सलाह

रिसर्च इंस्टीट्यूट ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने पिछले महीने ही भारत से कहा कि उसे रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने के अमेरिकी दबाव में नहीं आना चाहिए और उसका विरोध करना चाहिए। थिंक टैंक ने कहा है कि रूस से तेल इंपोर्ट करने से भारत को महंगाई को काबू में करने और अस्थिर ग्लोबल माहौल में आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद मिली है।

# भागवत बोले : संस्कृत सभी भाषाओं की जननी : कहा- संस्कृत को बोलचाल की भाषा बनाना जरूरी; समझना ही नहीं, बोलना भी चाहिए



बढ़ता राजस्थान

**नागपुर ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। अब समय आ गया है कि इसे बोलचाल की भाषा बनाया जाए। नागपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संस्कृत को केवल समझना नहीं, बोलना भी आना चाहिए।

भागवत ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकार का सहयोग तो मिलेगा ही लेकिन असली जरूरत लोगों के सहयोग की है। उन्होंने माना कि वे संस्कृत जानते हैं लेकिन धाराप्रवाह बोल नहीं पाते। उन्होंने कहा कि संस्कृत को हर घर तक पहुंचाना होगा और इसे बातचीत का माध्यम बनाना पड़ेगा।

# लक्ष्यराज बोले- एआई से घबराएं नहीं, समझदारी से इस्तेमाल करें

## 'स्कून्यूज ग्लोबल एड-फेस्ट' में 750 से अधिक एजुकेटर्स हुए शामिल, 10 टीचर वॉरियर्स का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एजुकेशन फेस्ट 'स्कून्यूज़ ग्लोबल एड-फेस्ट' का शुभारंभ जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में हुआ, जहां देश-विदेश के 750 से अधिक एजुकेटर्स, स्कूल प्रिंसिपल्स, डायरेक्टर्स और शिक्षाविद् एकजुट हुए। इस प्रतिष्ठित फेस्टिवल में इस वर्ष 'पर्पज ड्रिवन एजुकेशन - डिजाइनिंग फॉर फ्यूचर रियलिटीज' थीम के तहत शिक्षा के भविष्य को लेकर विविध संवाद और चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं। फेस्ट के उद्घाटन अवसर पर उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, एयर वाइस मार्शल एचएस सिदाना, स्कून्यूज के सीईओ रवि संतलानी और धारव हाई स्कूल की चेयरपर्सन देवयानी जयपुरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने कीनोट संबोधन में कहा- जो चीज आर्टफिशियल है, उससे डरने की जरूरत नहीं है। हमें तकनीक को अपना मालिक नहीं, बल्कि सहायक बनाना चाहिए। उन्होंने गुरुओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरु सिर्फ एक विद्यार्थी को नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को दिशा देता है। उन्होंने भारतीय वायुसेना की उपस्थिति को देशभक्ति और समर्पण की मिसाल बताते हुए प्रेरणा लेने की बात कही।

### 10 'टीचर वॉरियर्स' का हुआ सम्मान

फेस्ट के दौरान देशभर से चयनित 10 'टीचर वॉरियर्स' को डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने सम्मानित किया। ये वे शिक्षक हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत 'एकोज ऑफ एबिलिटी' नामक म्यूजिकल और डांस परफॉर्मेंस से हुई, जिसमें मूक, बधिर, दृष्टिबाधित और एचआईवी प्रभावित बच्चों ने अद्भुत प्रस्तुति दी।

# 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स- शाहरुख पहली बार बेस्ट एक्टर

## 12वीं फेल के लिए विक्रांत मैसी को भी अवॉर्ड, रानी मुखर्जी बेस्ट एक्ट्रेस

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली में शुक्रवार को 71वें नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान हुआ। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। शाहरुख को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को 12वीं फेल के लिए पुरस्कार मिला।

फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी और रानी मुखर्जी तीनों को पहली बार नेशनल अवॉर्ड मिला है। हिंदी फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को बेस्ट डायलॉग के लिए पुरस्कार मिला। इस फिल्म के डायलॉग दीपक किंगरानी ने लिखे हैं। 71वें नेशनल अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर के लिए शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से अवॉर्ड दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। जवान एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी। इस फिल्म में शाहरुख डबल रोल में नजर आए थे। वहीं, विक्रांत की फिल्म बायोग्राफिकल ड्रामा थी। ये फिल्म आईपीएस ऑफिसर मनोज कुमार शर्मा और उनकी वाइफ आईआरएस ऑफिसर श्रद्धा जोशी के जीवन से प्रेरित थी।



# पूर्व बीजेपी-प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी बने राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में निकाय चुनाव से पहले भजनलाल सरकार ने बड़ी राजनीतिक नियुक्ति की है। बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया है। वहीं रिटायर्ड ड्डस्र अफसर नरेश ठकराल को सदस्य बनाया गया है। उनका कार्यकाल डेढ़ साल के लिए रहेगा। अरुण चतुर्वेदी ने कहा- हम शहरों और निकाय तक मोदी जी के सपने को साकार करने के लिए भजनलाल जी के नेतृत्व में काम करेंगे। अरुण चतुर्वेदी ने कहा- हम शहरों और निकाय तक मोदी जी के सपने को साकार करने के लिए भजनलाल जी के नेतृत्व में काम करेंगे।



# अहमदाबाद प्लेन क्रैश जांच में ह्यूमन फैक्टर स्पेशलिस्ट्स शामिल

## वेस्टर्न मीडिया ने पायलट को जिम्मेदार ठहराया था, इसी वजह से फैसला लिया गया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने गुरुवार को संसद में बताया कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच में ह्यूमन फैक्टर स्पेशलिस्ट्स को भी शामिल किया गया है। ये दुर्घटनाओं और अन्य सुरक्षा संबंधी घटनाओं के कारणों का एनालिसिस करते हैं और उन्हें रोकने के लिए डिजाइन में बदलाव का सुझाव देते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जांच में सभी पहलुओं को देखा जा रहा है। यह फैसला इसलिए अहम है क्योंकि अमेरिकी मीडिया हाउस, वॉल स्ट्रीट जनरल ने 17 जुलाई को पब्लिश रिपोर्ट में आशंका जताई थी कि विमान के पायलट कैप्टन सुमीत सभरवाल ने दोनों इंजनों में फ्यूल सप्लाई रोकी थी।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर सरकार ने नहीं दिया जवाब : हाईकोर्ट ने जवाब पेश करने के लिए दिया 10 दिन का समय

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने को लेकर आज हाईकोर्ट में सरकार ने जवाब देने के लिए समय मांगा। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने छात्र जय राव की याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 जुलाई को राज्य सरकार और राजस्थान यूनिवर्सिटी से जवाब तलब किया था। लेकिन आज महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने जवाब पेश करने के लिए कोर्ट से समय मांगा। इस पर कोर्ट ने 10 दिन का समय देते हुए सुनवाई टाल दी। याचिका में कहा गया है कि सरकार पिछले तीन सत्रों से छात्रसंघ चुनाव नहीं करवा रही है। जबकि लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के तहत एकेडमिक सेशन शुरू होने के 6-8 सप्ताह के अंदर ही चुनाव कराए जाने का प्रावधान है। वहीं, छात्रसंघ चुनाव के जरिए छात्र प्रतिनिधि चुनना छात्रों का मौलिक अधिकार है। सरकार उसका भी उल्लंघन कर रही है। वकील शांतनु पारीक ने बहस करते हुए कहा था कि राज्य सरकार हाईकोर्ट की लॉर्जर बैंच के फैसले और लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों को नहीं मान रही है। दोनों में छात्रसंघ चुनाव कराने की बात कही गई है।

# राजस्थान हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय पर कर्मचारियों का प्रदर्शन

## इंजीनीयर संग हुई हाथापाई के विरोध में कर्मचारी संगठन का धरना; प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के आवासीय अभियंता (आरई) संग हुई मारपीट के विरोध में आज बोर्ड कर्मचारी संगठन ने धरना देकर प्रदर्शन किया। हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय पर हुई गेट मीटिंग के बाद सभी कर्मचारियों ने मारपीट करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी करवाने और कर्मचारियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। जयपुर में बोर्ड के मुख्यालय पर राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष दशरथ कुमार के नेतृत्व में जुटे कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद सभी कर्मचा?री वहीं धरने पर बैठ गए और आवासीय अभियंता संग हुई मारपीट का विरोध जताया। संघ अध्यक्ष ने बताया- 27 जुलाई को हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत प्रताप नगर सेक्टर-7 में वृक्षारोपण कार्यक्रम था। जहां शंकर लाल मीणा पुत्र जगदीश नारायण मीणा ने आकर पहले तो कार्यक्रम को रूकवाया और उसके बाद इंजीनियर और वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों संग झगड़ा करके इंजीनीयर संग मारपीट की।

# याचिकाकर्ताओं ने कहा- हाईकोर्ट एसआई भर्ती रद्द करें

## सरकार के कहने पर ही एसओजी ने की थी सिफारिश, आरपीएससी सदस्य भी गिरफ्तार हुए हैं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस पूरी हो गई। जस्टिस समीर जैन की अदालत में याचिकाकर्ताओं के वकील हरेन्द्र नील ने कहा- यह भर्ती रद्द होने के पूरे मापदंड तय करती है। उन्होंने सरकार और चयनित अभ्यर्थियों की बहस का जवाब देते हुए कहा- हमारी याचिका आज भी मेंटेनेबल (चलने योग्य) है। हमने याचिका में सरकार से नहीं, कोर्ट से भर्ती रद्द करने की प्रार्थना की थी। फरवरी में हमारी बहस पूरी होने के बाद सरकार ने कोर्ट में कहा था कि हम भर्ती पर निर्णय लेना चाहते हैं।

वहीं, हाईकोर्ट याचिका में मांगी गई रिलीफ से अलग जाकर भी राहत प्रदान कर सकता है। हरेंद्र नील ने कहा- सरकार का यह कहना कि एसओजी ने अपनी मर्जी से भर्ती रद्द करने की सिफारिश कर दी। यह पूरी तरह से गलत है। 22 मार्च 2024 को गृह विभाग ने एसओजी को लेटर लिखकर भर्ती रद्द करने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए थे। उसी आधार पर एसओजी ने अपनी रिपोर्ट दी थी।

# 5वीं बार आप नेता की विदेश यात्रा पर लगाई रोक

## पंजाब के मंत्री को केंद्र ने नहीं दी अनुमति

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने पंजाब के बिजली और लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ को अमेरिका यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। उन्हें 4 से 6 अगस्त तक अमेरिका के बोस्टन, मैसाचुसेट्स में आयोजित होने वाले नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स लेजिस्लेटिव समिट में भाग लेना था। यह दुनिया भर के विधायी नेताओं, नीति विशेषज्ञों और नीति-निर्माताओं का एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है। पंजाब सरकार को गुरुवार को केंद्र की ओर से आधिकारिक रूप से सूचित किया गया कि मंत्री को राजनीतिक अनुमति नहीं दी जा रही है। यह लगातार पांचवीं बार है जब आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के किसी मंत्री या वरिष्ठ पदाधिकारी को विदेश दौरे की अनुमति केंद्र सरकार द्वारा नहीं दी गई। हरभजन सिंह ईटीओ को यह आमंत्रण एनसीएसएल और नेशनल लेजिस्लेटर्स कॉन्फ्रेंस भारत की ओर से संयुक्त रूप से भेजा गया था।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार